01 अप्रैल 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



कटिहार के मेघुटोला में 60 से अधिक घर जलकर राख, चूल्हे से बस्ती में फैली आग 2









**नमाज अदा कर अमन चैन की मांगी दुआ:** देशभर में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग नए कपड़ों में सजे-धजे ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। मौलाना ने नमाज अदा कराई और देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी? नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। पीएम मोदी ने लोगों को ईद-उल-फित्र की बधाई देते हुए कामना की कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा,ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक। ईद के अवसर पर सीएम नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान पहुंच कर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने सीएम को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की।

## खबरें फटाफट

### 2 अप्रैल को लोकसभा में पेश होगा वक्फ संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बावजूद 2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया है कि यह विधेयक संविधान के अनुरूप बनाया जाएगा और किसी को भी इससे डरने की जरूरत नहीं है। वक्फ संशोधन विधेयक दरअसल 2013 में पारित वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के लिए लाया जा रहा है। अमित शाह के अनुसार, पिछली सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रावधान संविधान के अनुरूप नहीं थे, जिन्हें अब सुधारा जाएगा। यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर तैयार किया गया है। गृह मंत्री ने कहा है कि यदि किसी को आपत्ति है तो उनके पास अदालत जाने का विकल्प खुला रहेगा। सरकार का मानना है कि यह विधेयक देश के संवैधानिक ढांचे को मजबूत करने और वक्फ बोर्ड से जुड़े मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए लाया जा रहा है। सरकार का दावा है कि इससे वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन होगा और किसी समुदाय को नुकसान नहीं होगा।

## संपत्ति को लेकर मचा घमासान, राजकुमारी देवी की बिगड़ी तबीयत

# रामविलास पासवान की पत्नी को घर से निकाला, कमरों में जड़ दिया ताला

- राजकुमारी देवी ने पशुपति पारस और रामचंद्र पासवान की पत्नी पर उन्हें घर से निकालने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/खगड़िया**

दिवंगत रामविलास पासवान के परिवार में एक बार फिर विवाद हो गया है। इस बार विवाद संपत्ति को लेकर है। रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी और उनके छोटे भाई पशुपति कुमार पारस के बीच यह विवाद है। पशुपति कुमार पारस के परिवार वालों ने राजकुमारी देवी की संपत्ति पर ताला लगा दिया है। उनका कहना है कि संपत्ति पर उनका हक है। राजकुमारी देवी ने पशुपति कुमार पारस और रामचंद्र पासवान की पत्नी पर उन्हें घर से निकालने का आरोप लगाया है। यह मामला अब चिराग पासवान तक भी पहुंच गया है। बता दें कि रामविलास पासवान के परिवार में पहले भी सियासी लड़ाई हो चुकी है। यह लड़ाई चाचा पशुपति कुमार पारस और भतीजे चिराग पासवान के बीच थी। अब यह नया विवाद सामने आया है। खबर है कि पशुपति कुमार पारस के परिवार वालों ने खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में राजकुमारी देवी की संपत्ति पर अपना हक जताया है। उन्होंने राजकुमारी देवी के कमरों में ताला लगा दिया है।





### चिराग से लगाई गुहार... उनके पैतृक संपत्ति का बंटवारा कर दें

जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद राजकुमारी देवी की तबीयत बिगड़ गई है। डॉक्टर द्वारा घर पर ही उनका इलाज चल रहा है। राजकुमारी देवी ने चिराग पासवान से गुहार लगाई है कि उनके पैतृक संपत्ति का बंटवारा कर दें। वहीं राजकुमारी देवी के नाती का कहना है कि नानी राजकुमारी देवी की उम्र काफी हो गयी है। उनके साथ ऐसा नहीं करना चाहिए। राजकुमारी देवी का आरोप है कि पारस पासवान और रामचंद्र पासवान की पत्नी ने उन्हें घर से निकालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। यह मामला अब चिराग पासवान के पास पहुंच गया है। चिराग पासवान इस मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, राजकुमारी देवी ने अभी तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। जानकारी के अनुसार, शहरबन्नी के घर के कुछ कमरों में पशुपति कुमार पारस के परिवार वालों ने ताला लगा दिया है। उनका कहना है कि संपत्ति पर उनका हक है।

बता दें कि रामविलास पासवान ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली शादी 1960 में राजकुमारी देवी से हुई थी। उस समय रामविलास पासवान सिर्फ 14 साल के थे। बाद में रामविलास पासवान ने राजकुमारी देवी को तलाक दे दिया। 1983 में उन्होंने रीना शर्मा से दूसरी शादी की। चिराग पासवान, रीना शर्मा के बेटे हैं। लेकिन, चिराग राजकुमारी देवी को भी अपनी मां मानते हैं। वह अक्सर उनसे मिलने शहरबन्नी जाते रहते हैं। पशुपति कुमार पारस और रामचंद्र पासवान, रामविलास पासवान के छोटे भाई हैं। राजकुमारी देवी का संपत्ति विवाद इन्हीं दोनों से चल रहा है। राजकुमारी देवी ने कहा कि पारस पासवान और रामचंद्र पासवान की पत्नी मुझे घर से निकालना चाहते हैं। चिराग पासवान ने इस मामले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। **राजकुमारी देवी को चिराग मानते हैं मां:** चिराग पासवान रीना शर्मा के पुत्र हैं। हालांकि चिराग पासवान राजकुमारी देवी को भी अपनी मां मानते हैं और उनसे मिलने शहरबन्नी भी गए थे। वहीं पशुपति पारस और रामचंद्र पासवान दोनों ही दिवंगत रामविलास पासवान के छोटे भाई हैं। दोनों से राजकुमारी देवी की संपत्ति विवाद चल रहा है।

## बरौनी एक्सप्रेस के कोच में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

### शाम 4 बजे खुटवासा स्टेशन के पास की घटना



**एजेंसी/इटारसी**

नर्मदापुरम-अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली 19483 बरौनी एक्सप्रेस के पीछे वाले कोच में नर्मदापुरम के सिवनी मालवा तहसील के ग्राम खुटवासा स्टेशन के पास आग लग गई। बताया जा रहा है कि घटना शाम 4 बजे खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद गार्ड ने धुआं देखा। सूचना देकर तत्काल ट्रेन रुकवाई गई। आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। जांच के पता चला कि ट्रेन की सबसे पीछे वाली बोगी लगेज और जनरेटर वाले हिस्से में आग लग गई थी। यात्रियों की सुरक्षा के हिसाब से इस डिब्बे को ट्रेन से काटकर रेल कर्मचारियों ने अलग कर दिया। करीब सवा घंटे तक रेलवे कर्मचारियों ने ट्रेन की आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में आग वाले कोच को ट्रेन से अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। हालांकि कोच में आग अब भी पूरी तरह से नहीं बुझी है।

जानकारी के मुताबिक, ट्रेन की आखिरी जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लग गई थी, जिसमें स्टील के बर्तनों के कार्टून भरे थे। इससे भारी धुआं उठने लगा, और जनरेटर कोच के कर्मचारी तुरंत बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही दमकल बुलाई गई, जबकि डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी की टीम मौके पर पहुंची।

## इतिहास से जुड़ी जानकारियों के लिए व्हॉटसऐप के संदेशों पर निर्भर न रहें, किताबें पढ़ें: ठाकरे

**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगजेब की कब्र को लेकर कथित तौर पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की और कहा कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से इतिहास से जुड़ी जानकारियों के लिए व्हॉटसऐप पर आने वाले संदेशों पर निर्भर न रहने को कहा।

राज ठाकरे ने शिवाजी पार्क में वार्षिक गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुगल शासक



एक विचार को मारना चाहते थे और वह है शिवाजी लेकिन असफल रहे। उन्होंने कहा कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना संभव नहीं था। राज ठाकरे ने लोगों से उकसावे में नहीं आने और विचलित न होने का आग्रह करते हुए कहा कि शिवाजी से पहले और शिवाजी के बाद के युगों में सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां भिन्न थीं। राज ठाकरे ने यह भी कहा है कि फिल्म देखकर जागने वाले हिंदू बेकार हैं। उन्होंने कहा, हम मौजूदा समय के असली मुद्दों को भूल गए हैं। एक फिल्म देखकर जागने वाले हिंदू किसी काम के नहीं हैं। क्या आपको विक्की कौशल को देखकर संभाजी महाराज के बलिदान के बारे में और अक्षय खन्ना को देखकर औरंगजेब के बारे में पता चला? ठाकरे ने कहा कि आपको व्हॉटसऐप पर इतिहास समझ में नहीं आता। इसके लिए आपको किताबें पढ़नी होंगी।

## 10 करोड़ रुपये की चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपी चकमा देकर फरार

**केटी न्यूज/पटना**

हरियाणा के अंबाला जिले में कोऑपरेटिव बैंक से 10 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी मिथुन बिंद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हरियाणा पुलिस उसे रिमांड पर लेकर बिहार के मुंगेर पहुंची थी, लेकिन एक होटल के शौचालय के वेंटिलेटर को तोड़कर वह भाग निकला। हरियाणा पुलिस और स्थानीय असरगंज थाना पुलिस अब फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सितंबर 2023 में अंबाला के बलदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित कोऑपरेटिव बैंक में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। इस मामले में असरगंज प्रखंड के चौरगांव से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में चोरी के मुख्य आरोपी मिथुन बिंद को 30 मार्च को रिमांड पर लेकर हरियाणा पुलिस मुंगेर आई थी। बताया जा रहा है कि हरियाणा पुलिस मिथुन बिंद को लेकर खड़गपुर थाना और अन्य स्थानों पर जांच के लिए गई थी। इसके बाद रात में पुलिस ने असरगंज थाना क्षेत्र के लदौवा मोड़ स्थित शिवम लाइनर होटल में ठहरने का फैसला किया। सुबह के समय आरोपी ने शौचालय जाने की अनुमति मांगी और मौका पाकर वेंटिलेटर तोड़कर फरार हो गया।




## शिवसेना के नेता संजय राउत के बयान पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने किया पलटवार

# सितंबर में रिटायरमेंट की योजना बना रहे हैं पीएम मोदी: राउत

**एजेंसी/नागपुर**

पीएम नरेंद्र मोदी के नागपुर में आरएसएस मुख्यालय के दौरे को शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रिटायरमेंट प्लान बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सितंबर में रिटायरमेंट लेने की योजना बना रहे हैं। वे पिछले 10-11 साल में आरएसएस मुख्यालय नहीं गए लेकिन अब वह यहां संघ प्रमुख मोहन भागवत को टाटा, बाय बाय बोलने गए थे। वहीं महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को उत्तराधिकारी की जरूरत नहीं है। वे कई वर्षों



तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे।

शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि आरएसएस देश के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव चाहता है। मोदी संभवतः सितंबर में अपना सेवानिवृत्ति आवेदन लिखने के लिए आरएसएस मुख्यालय गए होंगे। पीएम मोदी का समय समाप्त हो गया है। अब वह बदलाव चाहते हैं। इसके अलावा वह नए भाजपा अध्यक्ष को भी चुनना चाहते हैं। संजय राउत का इशारा भाजपा के कुछ नेताओं के 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने की ओर था। पीएम मोदी इस साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे।

### पीएम के उत्तराधिकारी की तलाश की कोई जरूरत नहीं: फडणवीस

संजय राउत के बयान पर सीएम फडणवीस ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2029 में हम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे। उनके उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे नेता हैं और पद पर बने रहेंगे। सीएम ने कहा कि नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित है। यह मुगल संस्कृति है। इस पर चर्चा करने का समय अभी नहीं आया है। वहीं वरिष्ठ आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री को बदलने की किसी चर्चा की जानकारी नहीं है।

### खराब सड़क की वजह से गांव तक समय पर नहीं पहुंच सकी फायर ब्रिगेड की गाड़ी

# कटिहार के मेघुटोला में 60 से अधिक घर जलकर राख, चूल्हे से बस्ती में फैली आग

♦ अब इन परिवारों के पास सिर्फ तन पर पहने कपड़े ही बचे हैं, लाखों की संपत्ति जलकर हो गई राख

**केटी न्यूज/कटिहार**

कटिहार के अमदाबाद ब्लॉक के दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत स्थित मेघु टोला गांव में बड़ी आगजनी की घटना हुई है। सोमवार सुबह वार्ड नंबर 12 में चूल्हे की राख से अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते फैलती गई और कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने आगजनी की सूचना फौरन पुलिस और दमकल विभाग को दी। इस दौरान ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश करते रहे। वहीं, दूसरी ओर खराब सड़क की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी गांव तक समय पर नहीं पहुंच सकी। गांव पहुंचते ही दमकल विभाग की टीम ने गांववालों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक बहुत नुकसान हो चुका था। गांव के करीब 60 घर जलकर राख हो गए थे। प्रभावित परिवारों ने आग लगते ही घरों से सामानों को निकालने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के चलते कुछ भी सामान नहीं बचा पाए। अब परिवारों के पास सिर्फ तन पर पहने कपड़े ही बचे हैं। उनकी लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। अब पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। अहमदाबाद अंचल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने घटनास्थल का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों की सूची तैयार की जा रही है। सरकार की ओर से जल्द ही हर संभव मदद दी जाएगी।



### पूर्णिया में 25 महादलित परिवार का घर उजाड़ने का आरोप

**पूर्णिया।** पूर्णिया के बनमनखी में रह रहे महादलित परिवार के लोगों ने स्थानीय प्रशासन पर आशियाना उजाड़ उनके घरों में आग लगाने और उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामला हरमुढ़ी गांव से जुड़ा है। पीड़ित परिवार का दावा है कि इसमें 25 महादलित परिवार के घर जलकर राख हो गए। वहीं समूचे घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही देर रात निर्दलीय सांसद पप्पू यादव महादलित बस्ती पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए तत्काल आर्थिक मदद की। महादलित परिवारों से बातचीत और मुलाकात के बाद भाजपा के स्थानीय विधायक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। निर्दलीय सांसद को आपबीती बताते हुए महादलित परिवार के लोगों ने बताया कि हरमुढ़ी गांव में पिछले 6 साल से घर बनाकर 25 महादलित परिवार रह रहा है। स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन की ओर से उन्हें वास्तविक पर्चा देकर बसाने का वादा किया गया था। चुनाव बीतने के बाद कोई उनकी सुध तक लेने नहीं आया।

### ढाई साल का बच्चा अपने घर में जिंदा जला




**दरभंगा।** दरभंगा में सोमवार को आग लगने से 6 घर जल गए। एक घर में ढाई साल के बच्चे की झुलसकर मौत हो गई। मां घर के बाहर खाना बना रही थी। पुलिस को आशंका है कि चूल्हे की चिंगारी आग लगी। तेज पछुआ हवा के कारण लपटें फैलते गई। आसपास कोई बिजली का तार नहीं था। बताया जा रहा कि मृतक सनी घर में अकेला सो रहा था। दो भाई घर के बाहर था। तभी आग लगी। घर झोपड़ीनुमा है, इस वजह से पूरे घर में मिनटों में आग लग गई। घटना बहेड़ी प्रखंड रमौली गुजरौली पंचायत के नवटोल गांव की है।बच्चे की मां सुलेखा ने कहा कि मैं खाना बनाने के बाद बकरी बांधने के लिए घर से थोड़ी दूर गई थी। अपने दोनों बेटों को बुआ को खोजकर लाने के लिए कहा था। वो दोनों को ढूंढने के लिए गाव की तरफ गए। इस बीच आग लई। मेरा मरे तीन बेटे हैं। एक 6 और दूसरा 4 साल का है। तीसरे की आग में झुलसकर मौत हो गई। मेरा बाबू घर में सोया हुआ था, मैं उसे निकाल नहीं पाई।

## सीएम नीतीश ने ईद-उल-फितर की दी शुभकामनाएं

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के अवसर पर खानकाह मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआएं ली और ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात सीएम ने सुल्तानगंज स्थित एदार-ए-शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ. फरीद अमानुल्लाह एवं पूर्व विधान पार्षद गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एदार-ए-शरिया के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य की तरक्की के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनका आभार जताया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नीं हजरत सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।इसके बाद मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाडे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## औरंगाबाद में भाई को बचाने के प्रयास में दूसरे की भी गई जान, पसरा मातम

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां तालाब में डूबने से दो मासूम चचेरे भाइयों की मौत हो गई। एक भाई को बचाने के प्रयास में दूसरा भी गहरे पानी में समा गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेहुटी गांव में तालाब में डूबने से दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में सात वर्षीय प्रिंस कुमार, जो प्रमोद कुमार गुप्ता का पुत्र था, और पांच वर्षीय विनोद कुमार, जो विनोद प्रसाद गुप्ता का बेटा था, शामिल हैं। घटना उस समय हुई जब प्रिंस खेलते-खेलते तालाब में गिर गया। उसे डूबता देख विनोद ने बचाने के लिए छलांग लगा दी, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों गहरे पानी में डूब गए और उनकी जान नहीं बच सकी। जब परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, तो तालाब में शव दिखे, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। खेलते-खेलते हुआ हादसा, दोनों की जान चली गई। इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे गांव के पास स्थित एक पोखर के किनारे खेल रहे थे। इसी दौरान प्रिंस कुमार का पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गया। डूबते हुए उसे देखकर विनोद कुमार ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तालाब गहरा होने के कारण वह भी डूब गया। ग्रामीणों ने शव तालाब से निकाले। जब काफी देर तक दोनों बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। जब वे तालाब के पास पहुंचे, तो प्रिंस का शव पानी में तैरता हुआ नजर आया। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने विनोद की भी तलाश शुरू कर दी। परिजन दोनों को जीवित समझकर तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मुफस्सिल थाना पुलिस के अनुसार, दोनों बच्चों की मौत तालाब में डूबने से हुई है।

### मंडल कारा छपरा की दीवार फांदकर कैदी हो गया फरार

**छपरा।** मंडल कारा छपरा में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। सीवान जिले के गोरियाकोठी थाना क्षेत्र निवासी नितेश कुमार नामक कैदी ने जेल की दीवार फांदकर फरार होकर प्रशासन को खुली चुनौती दे दी। जेल अधिकारियों का कहना है कि कैदी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नितेश कुमार पिछले 15 दिनों से मंडल कारा छपरा में चोरी और छिनैती के मामले में बंद था। शनिवार की रात वह सुरक्षा में लगे अधिकारियों और कर्मियों को चकमा देकर जेल की दीवार फांदकर भाग निकला। हालांकि इस घटना की जानकारी जेल प्रशासन को दो दिन बाद सोमवार को मिली।






## 4 अप्रैल से शुरू होगी सूबे में ग्राम कचहरी सचिवों की नियुक्ति प्रक्रिया

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में ग्राम कचहरी सचिव के 1583 रिक्त पदों पर नियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पंचायती राज विभाग के स्तर से पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी काउंसलिंग-सह-नियोजन प्रणाली अपनाई जा रही है। ताकि योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष रूप से अवसर मिल सके। सबसे पहले 4 अप्रैल को पटना जिले के 65 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद अन्य जिलों में भी चरणबद्ध तरीके से काउंसलिंग होगी, जिसकी सूचना विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अभ्यर्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भेजी जाएगी।

**सुव्यवस्थित काउंसलिंग के लिए विभाग की विशेष तैयारी :** काउंसलिंग को सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और प्रोग्रामर्स को भी 4 अप्रैल को पटना बुलाया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे नियोजन प्रक्रिया से भली-भांति अवगत हों और अपने-अपने जिलों में इसे सफलतापूर्वक लागू कर सकें। चयनित अभ्यर्थियों को सत्यापन पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, ऑनलाइन आवेदन की प्रति, अंकपत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## दरभंगा में शोभायात्रा पर पथराव करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/दरभंगा**

दरभंगा के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के केवतगामा पंचायत के पछियारी टोला में कलश शोभायात्रा के दौरान पथराव की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने 45 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है, जबकि छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना को लेकर ग्रामीण एसपी आलोक ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पथराव से जुड़े वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। ग्रामीण एसपी आलोक के अनुसार, इस विवाद की शुरुआत एक धार्मिक आयोजन के दौरान हुई। कार्यक्रम के दौरान एक मुर्गे को मारने को लेकर दोनों समुदायों में कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए मारपीट और फिर पथराव में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। इलाके में फिलहाल पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। पुलिस ने स्थानीय पदाधिकारियों और चौकीदार की मदद से आरोपियों की पहचान की। 45 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज और चश्मदीदों के आधार कार्रवाई की गई है।






### ईद के मौके पर जनसुराज पार्टी के प्रमुख ने कहा... वक्फ कानून वापस लिया जाए

# संविधान के खिलाफ है वक्फ कानून : पीके

**केटी न्यूज/किशनगंज**

जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बड़ा बयान दिया है। सोमवार को किशनगंज की अंजुमन इस्लामिया मस्जिद में ईद मनाने पहुंचे प्रशांत किशोर ने जालीदार टोपी पहनकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने वक्फ कानून पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई। संविधान के अनुरूप नहीं है वक्फ कानून, इसे वापस लिया जाए। प्रशांत किशोर ने वक्फ संशोधन विधेयक पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कानून संविधान के अनुरूप नहीं है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने इसे कृषि कानूनों की तरह विवादित बताते हुए कहा कि अगर मुस्लिम समाज की सहमति के बिना यह कानून लागू किया जाता है, तो यह अन्याय होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर भाजपा से ज्यादा जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया। किशोर ने कहा कि अगर जदयू सांसद विरोध करें, तो इस कानून को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी को मुस्लिम समाज का समर्थन मिलता है, ऐसे में वक्फ कानून का समर्थन करना गांधी, लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों के खिलाफ होगा। राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने बिहार में बढ़ते अपराध पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रोजाना हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं हो रही हैं, जो यह साबित करती हैं कि अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो चुके हैं और उनकी सरकार कुछ गिने-चुने अधिकारी चला रहे हैं। नीतीश पूरी तरह से अक्षम हो चुके है।



### अमित शाह चला रहे हैं नीतीश सरकार

प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश सरकार का इकबाल अब खत्म हो चुका है। बिहार में कोई शासन नहीं बचा है। प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति में केंद्र सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री अमित शाह, नीतीश कुमार को केवल एक मुखौटे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और असली सरकार दिल्ली से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले चुनाव में इस सरकार को जवाब देगी। इस मौके पर जनसुराज पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जनसुराज पार्टी के नेता नेहाल अख्तर, डॉ. विजय कुमार समेत सैकड़ों समर्थकों ने प्रशांत किशोर के बयान का समर्थन किया।

# अच्छी खबर: उद्यमशील युवाओं को चिह्नित कर आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी गोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट

- गोवा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के छात्रों ने बक्सर में स्वरोजगार के अवसर को समझने के लिए किया रिसर्च

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने, योग्य उद्यमियों की तलाश कर उनका क्षमता संवर्द्धन करने के उद्देश्य से आए गोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के छात्रों ने 12 दिन तक अलग अलग पंचायतों और गांव में घूमकर रिसर्च किया। 18 मार्च से शुरू हुए इस सर्वे में ये छात्र बक्सर के उद्यमियों, किसानों, किसान संगठनों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिले। छात्रों ने किसानी में टमाटर जैसे फसल से नुकसान झेल रहे किसानों के नुकसान को कम करने और जीवन के बेहतर बनाने के उपाय को तलाशा, साथ ही किसानी को मुनाफा के व्यापार के तौर पर काम करने वाले किसानों के मॉड्यूल्स का अध्ययन भी किया।

स्वयं सहायता समूह के महिलाओं की आमदनी की स्थिति का जायजा लेते हुए छात्रों ने उनके लिए घरेलू उद्योग के संभावनाओं पर चर्चा किया।

स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रति युवाओं और छात्रों के रुझान और मानसिकता की समझने के लिए छात्र एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, प्रोफेशनल ट्रेनिंग संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों से भी साक्षात्कार किया।

### यहां के लोगों में असीमित सम्भनवानाएं हैं

बक्सर में हुए इस अनूठे प्रयास का नेतृत्व बक्सर के सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव के युवा बिपिन बिहारी दुबे ने किया। बिपिन पिछले छह महीने से बिहार और बक्सर में लघु उद्योग और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बिपिन कहते हैं कि बिहार देश का सबसे युवा राज्य है यहां के लोगों में असीमित सम्भनवानाएं हैं। हमारा यह प्रयास बिहार और बक्सर में युवाओं के अंदर उद्यमशीलता (एंटरप्रेन्योरशिप) की मानसिकता के विकास के लिए है। आने वाले समय में हम जिला स्तर पर उद्यमशील युवाओं को चिन्हित कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

छात्रों ने पिछले 12 दिनों में किए अपने रिसर्च और उससे मिले आंकड़ों के आधार पर बक्सर में लघु उद्यम और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए कुछ हल सुझाय और उसका विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दिया।

पूर्व आईपीएस और बक्सर लोकसभा के प्रत्याशी रहे आनंद मिश्र ने छात्रों के इस प्रयास की सराहनता करते हुए कहा कि बक्सर में इस तरीके का प्रयास करने के लिए मैं छात्रों के प्रति आभारी हूं कि वे यहां स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक हल सुझाए। मैं स्वयं इस तरीके के प्रयासों का पक्षधर हूं और बिपिन भाई के साथ मिलकर इस प्रयास को आगे बढ़ाने में सहयोग करूंगा।

गोवा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से रिसर्च के लिए आए एक छात्र ने अपना अनुभव साझा किया। उसने बताया कि बक्सर में बिताए 12 दिन ने यहां के लोगों के बारे में हमारा विचार बदल दिया है। जिस तरीके का आव भगत और सत्कार यहां के लोगों ने किया वो हमें कहीं और देखने को नहीं मिला। यहां व्यापार को लेकर बहुत संभावनाएं हैं और हमारी कोशिश है कि हम अपने प्रयास से बक्सर के लोगों में स्वरोजगार के प्रति रुचि बढ़ा सकें। क्योंकि बक्सर अब मुझे अपना लगने लगा है। इस रिसर्च के दौरान बक्सर के महर्षि विश्वामित्र कॉलेज के बीबीए के छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

## खबरें फटाफट

### आरोपी ने किया सरेंडर

**डुमरांव।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के कमधरपुर गांव निवासी एक आरोपित के खिलाफ न्यायालय ने कुर्की जब्ती का आदेश दिया था, लेकिन पुलिस टीम जैसे ही उसके दरवाजे पर पहुंची, उसने सरेंडर कर दिया। जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कमधरपुर के कालिका पासवान की गिरफ्तारी के लिए कुर्की जब्ती का आदेश था। रविवार की देर शाम पुलिस टीम उसके दरवाजे पर कुर्की जब्ती के लिए पहुंची थी, इस दौरान उसने सरेंडर कर दिया।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव से एक फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार वारंटी योगेन्द्र तिवारी उर्फ विधायक पिता टुक्कर तिवारी के खिलाफ स्थानीय थाने में एक केस दर्ज हुआ था, जिसमें वह फरार चल रहा था। फरार रहने पर न्यायालय ने वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को मिले गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

## बगेन थाना क्षेत्र की महिला से केस से नाम निकलवाने के लिए ठगे पांच हजार

# सावधान ! ऑनलाइन एफआईआर के बाद साइबर अपराधियों ने लगाया चूना

- एसडीपीओ ने अनुमंडल के लोगों को सावधान रहने की दी नसीहत
- ठगी करने वाले का नंबर बंद, ट्रेस करने का प्रयास कर रही पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**



एक तरफ देश के प्रधानमंत्री डिजीटल इंडिया का नारा दे रहे है तो दूसरी तरफ आपदा में अवसर की तर्ज पर साइबर ठग डिजिटलाइजेशन के इस दौरान अपने कारोबार बढ़ा दिए है। लोगों की सहूलियत के लिए जहां कानून में बदलाव कर अब एफआईआर को ऑनलाईन कर दिया गया है, वहीं साइबर ठग अब इसमें भी ठगी के रास्ते तलाश लिए है।

ताला मामला बगेन थाना क्षेत्र का है, जहां एक महिला का नाम केस से निकलवाने के लिए साइबर ठगो ने उसके मोबाईल पर फोन कर उससे पांच हजार रूपए का ट्रांजेक्शन करवा लिए। खास यह कि यह ट्रांजेक्शन एसडीपीओ के नाम पर कराया गया, लेकिन पैसा देने के बाद भी महिला को न्याय नहीं मिला। साइबर ठगी का यह अनोखा मामला सामने आया।

मामले में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने एक वीडियो बयान जारी कर लोगों को ऐसे ठगो से सावधान रहने की अपील की है।

**यूपी के झांसी से हुई है साइबर ठगी :** एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले की जानकारी होते ही वे तुरंत बगेन थाना पहुंच मामले की जांच किए तथा पीड़ित महिला को थाने में बुलवा पूछताछ किए। पीड़िता ने इस दौरान वह नंबर भी बताई जिससे फोन कर साइबर ठगी का शिकार बनाया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि जब उक्त नंबर की जांच की गई तो वह नंबर यूपी के झांसी का किसी मीरा कुमारी नाम की महिला का निकला है। फिलहाल वह नंबर बंद आ रहा है। पुलिस उसे ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। एसडीपीओ ने कहा कि पूर्व में भी ऐसे दो-तीन मामले सामने आ चुके है। लिहाजा लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

**दर्ज कराएं शिकायत :** एसडीपीओ ने बताया कि किसी अनजान व्यक्ति के स्तर पर भेजे गये लिंक पर क्लिक ना करें। डेटिंग एप का प्रयोग नहीं करें। अपने नजदीकी साइबर क्राइम सेल एवं भारत सरकार के साइबर हेल्पलाइन एनसीसीआरपी पोर्टल या 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

### साइबर ठगी के कई मामले भी आए हैं सामने

अनुमंडल इलाके में साइबर ठगी के कई मामले सामने आ चुके है। हाल में डुमरांव के नया तालाब रोड में इलेक्ट्रानिक पार्ट्स की दुकान चलाने वाले रवि कुमार नामक व्यवसायी से फोन पे के क्लोन ऐप के माध्यम से साइबर ठगों ने 35 हजार रूपए की ठगी कर ली। पीड़ित रवि इलेक्ट्रिक के प्रोपराइटर रवि कुमार ने बताया कि दो युवक बाइक से उनकी दुकान पर पहुंचे थे तथा 35 हजार रुपए के तार खरीदने के बाद फोन पे के क्लोन ऐप से मेरे स्कैनर पर पेमेंट करने का झांसा दे तार लेकर फरार हो गए, जबकि उनका पैसा मेरे एकाउंट में नहीं आया है। रवि ने बताया कि यह गिरोह हाल के दिनों में कई अन्य दुकानदारों को झांसा में ले चुका है। इसके अलावे कई अन्य तरीकों से भी साइबर फ्राड लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे है, लेकिन ताज्जूब कि अधिकांश मामलों के उद्भेदन में पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है, जबकि साइबर मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस महकमा द्वारा अलग से साइबर थाने खोले गए है, जहां साइबर एक्सपर्ट की तैनाती की गई है। बावजूद साइबर ठगो को पकड़ने में अबतक पुलिस को कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है।

### पुलिस अधिकारी से मिलकर दें आवेदन; मिलेगा न्याय



"यदि आपका नाम किसी केस में गलती से पड़ गया है तो आप किसी दलाल या ऐसे फोन करने वालों के चक्कर में नहीं पड़े, बल्कि खुद संबंधित या वरीय पुलिस अधिकारी से मिल सच्चाई बताए तथा उन्हें आवेदन के साथ अपने बेगुनाह होने का साक्ष्य दे। पुलिस बिना पैसा लिए आपका काम करेगी। इसके लिए दलालों के चंगुल में फंसना जरूरी नहीं है। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पारदर्शी तरीके से काम कर रही है।

– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव

## एक नजर

### मां ब्रह्मचारिणी की पूजा को मंदिरों में उमड़े भक्त



**डुमरांव।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन पूजन व अर्चन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मां का दर्शन व पूजन करके भक्तगणों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर देवी मां डुमरेजनी मंदिर, नगर पंचित काली मंदिर, भगवती मंदिर, स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से शाम तक पूजन का सिलसिला चलता रहा। आचार्य पंडित विंध्याचल ओझा ने बताया कि नवरात्र के दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी ज्ञान और तप की देवी हैं। वे सफेद साड़ी धारण करती हैं। उनके दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल है। भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की थी। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से आधि-व्याधि से मुक्ति मिलती है। इनकी पूजा से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। यम-नियम के बंधन से भी मुक्ति मिलती है। माता के स्वरूप में दैहिक, भौतिक व दैविक तीनों तापों का अंश विराजमान है। चैत्र माह में माता रानी की पूजा से घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती है। इसी आस्था के चलते नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में चैत्र नवरात्र की धूम है। मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

### शराब मामले में फरार चल रहा आरोपित धराया

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नगर के जवाहिर मंदिर की गली निवासी राजू कुमार चौरसिया पिता काशीनाथ चौरसिया के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने इसकी जानकारी दी है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि उस पर पूर्व में उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज हुआ था, जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि वह घर आया हुआ है। जिसके बाद एक टीम भेज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## इलाके में अपराध नियंत्रण के साथ शराब तस्करी पर लगाएं रोक: एसपी

**केटी न्यूज/सिमरी**



पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने रविवार की देर शाम सिमरी थाना की औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मालखाना, चार्जशीट, स्टेशन डायरी समेत अन्य अभिलेखों की जांच की। जांच के क्रम मे लंबित कांडों का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश अनुसंधानकताओं को दिया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में पुलिसकर्मियों की मुश्किलें बढ़ी रही। एसपी शुभम आर्य ने ईद व रामनवमी पर्व की मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रखने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। आगामी पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखने की नसीहत दी गई। एसपी ने निरीक्षण के क्रम मे आगन्तुक पंजी ,गुंडा पंजी, वारंट, इश्तिहार, कुर्की पंजी, का अवलोकन किया एवं सभी पंजियों को हमेशा अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। अनुसंधान कताओं को लंबित कांडों को त्वरित निष्पादन व कांडों में वांछित अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया।

वहीं, एसपी ने अपराध नियंत्रण व शराब तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर हाल में फरार अपराधियों व वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज तथा शराब तस्करी पर लगाम लगाए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कमलनयन पांडेय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## डुमरांव में लावारिश हालत में महिला का शव बरामद, नहीं हुई शिनाख्त

- डीएसपी आवास के पीछे पड़ा था शव, दुर्घटना की जताई जा रही आशंका, सोशल मीडिया पर जारी की महिला की फोटो

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुराना भोजपुर पथ पर डीएसपी आवास के पीछे एक वृद्ध महिला का शव मिला है। महिला की उम्र करीब 65-70 वर्ष के आस पास है तथा वह उसके सर पर चोट के निशान है तथा वह एक पतला सा कंबल ओढ़े हुए थी। महिला के पास से पानी का बोतल व रोटी मिला है। घटना रविवार रात की है तथा पुलिस को इसकी जानकारी सोमवार को सुबह मिली।

जानकारी मिलते ही नया भोजपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले शिनाख्त का प्रयास की, लेकिन जब शिनाख्त नहीं हुआ तो पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया।

आशंका जताई जा रही है कि वह रात में पैदल स्टेशन की तरफ आ रही होगी इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी।

थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। उसके पहचान की प्रयास लगातार जारी है। पुलिस विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप्स में मृतका की फोटो सकुर्लेट कर उसकी पहचान का प्रयास कर रही है। फिलहाल उसके शव को शवदाह गृह में सुरक्षित रखा गया है।

## छह साल की उम्र पर पहुंचे हर बच्चों का स्कूल में नामांकन को लेकर डीएम ने दिया निर्देश

# एक से 15 तक मनेगा नामांकन पखवाड़ा

- निश्चित तिथि को स्कूलों में एक साथ विशेष प्रवेशोत्सव के तहत बच्चों का होगा नामांकन

**केटी न्यूज/बक्सर**



नये अकादमिक सत्र 2025-26 में जिले के सभी छह वर्ष के बच्चों को निकट के प्राथमिक व प्रारंभिक विद्यालय में कक्षा एक में नामांकित कराने को लेकर डीएम ने निर्देश जारी किया है। उक्त निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश पत्र जारी कर दिया गया है।

पत्र के माध्यम से कहा गया है कि राज्य स्तर पर 20 मार्च 2025 को आईसीडीएस के साथ आयोजित समन्वय बैठक में निर्णय लिया गया कि नये अकादमिक सत्र 2025.26 में सभी छह वर्ष के बच्चों का नामांकन कक्षा में अवश्य किया जाना है। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस समन्वय के साथ कार्य करेंगे। जिससे कि आंगनबाड़ी में नामांकित सभी ऐसे बच्चें जो या तो 6 वर्ष पूरे कर चुके हैं अथवा अगले 6 माह में 6 वर्ष पूरे कर लेंगे, उनका नामांकन उनके पोषक क्षेत्र के प्राथमिक व प्रारंभिक विद्यालय में अवश्य कर लिया जाय। शिक्षा विभाग ने कक्षा में बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करने के लिए एक से 15 अप्रैल के मध्य राज्य भर में नामांकन पखवाड़ा चलाने का निर्णय लिया है। नामांकन पखवाड़े के अंतिम तिथि 15 अप्रैल को राज्य में सभी चिन्हित बच्चों को एक ही दिन में नामांकित किया जाएगा।

**नामांकन को ले मनेगा प्रवेशोत्सव :** आंगनबाड़ी में नामांकित ऐसे सभी बच्चे जिन्होंने अपना 6 वर्ष की आयु पूरा कर लिया है अथवा अगले माह में 6 वर्ष पूरा कर लेंगे, उनको संबंधित आंगनबाड़ी की सेविका एवं सहायिका चिन्हित कर लेंगी एवं इनकी सूची निकट के प्राथमिक व प्रारंभिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी को उपलब्ध कराएंगी। प्रधानाध्यापक एवं सेविका सहायिका दीदी सूची के अनुसार सभी अभिभावकों को नामांकन की तिथि की सूचना उपलब्ध करायेंगे। वहीं नामांकन की तिथि को विद्यालय में विषेश प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा एवं सभी बच्चों के अभिभावकों का स्वागत करते हुए उनके बच्चों का नामांकन किया जाएगा। नामांकन की तिथि को अभिभावकों एवं बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था अवश्य की जाएगी। इनके लिए पीने के पानी एवं परिसर में स्वच्छ शौचालय उपलब्ध रहे इसकी व्यवस्था प्रधानाध्यापक व प्रभारी शिक्षक के द्वारा अवश्य सुनिश्चित कराया जाएगा।









### ईद-उल-फितर : जिले के सभी प्रखंडों में अमन- चैन की मांगी गई दुआएं, शांतिपूर्ण व उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ ईद का त्योहार

# सजदे में झुके सिर, एक दूसरे को गले लगा कहा-ईद मुबारक

## ईद की झलकियां...


बक्सर में नमाज के बाद जानकारी लेते डीएम, एसडीएम व एसडीपीओ।


बक्सर में नमाजगाह के बाहर खड़े अधिकारी व पुलिस।



डुमरांव में ईदगाह के बाहर एक दूसरे को बधाई देते बच्चे और बच्चियां।


नावानगर के अतिमी में प्रतिनियुक्त अधिकारी व नमाजी।



**केटी न्यूज/बक्सर**

रमजान के पवित्र महीने के समापन के बाद सोमवार को जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। सफेद कपड़ों में सजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सजदे में सिर झुका अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। ईदगाहों में खास नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारक कहा, इसके बाद, परंपरागत मीठी सेवइयों का दौर शुरू हुआ, जिनका स्वाद हर किसी ने दिल से लुत्फ उठाया। बच्चों में ईदी पाने की खुशी साफ झलक रही थी। बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी, जहां सेवइयों और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की खरीदारी जोरों पर थी।

बक्सर शहर के कचहरी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, जुल्फजल मस्जिद, डुमराव की शाही मस्जिद, और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में सुबह-सुबह ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद इलाके भर में मुबारकबाद का सिलसिला जारी रहा। मस्जिदों से निकलते ही हर घर में ईद की रौनक छाई और मिठाईयों की महक हर ओर फैली रही। ईद का यह पर्व सादगी और भाईचारे का प्रतीक बनकर उभरा। गंगा-जमुनी तहजीब और प्यार-मोहब्बत का ये माहौल ईद के असल संदेश को सही मायनों में दर्शाता है। शहर के प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए विशेष तैयारियां की थीं।

**नमाज बाद चला मुबारकबाद व लजीज मीठी सेवइयों का दौर :** ईद का पर्व सादगी भरा है। साफ सुथरे इस पर्व पर हर तरफ गंगा-जमुनी तहजीब दिखाई दी। जहा लोग लजीज मीठी सेवइयों की खुशबू व कपड़ों से इत्र की खुशबू वह छठा बिखेर रही थी। नमाज के बाद पूरे इलाके में मुबारकबाद देने का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम चलता रहा। वही मेहमान नवाजी लजीज सेवइयों व अन्य व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

**जिलाधिकारी ने लिया कई मस्जिदों का जायजा :** ईद पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने सेंट्रल जेल से बड़ी मस्जिद सत्यदेवगंज तक शांति एवं विधि व्यवस्था निरीक्षण किया। डीएम ने सभी नमाजियों को ईद पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य स्थल पर प्रतिनियुक्त रहने का निर्देश दिया। सदर एसडीएम व एसडीपीओ को प्रशासनिक व्यवस्था, भीड़-प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन तथा विधि-व्यवस्था का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

## डुमरांव में अमन की दुआ के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

**डुमरांव।** डुमरांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ ईद की नमाज पढ़ी। अहले सुबह से तैयार होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में पहुंचे और नमाज अदा की। उसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चे, युवा और बुजुर्गों में खासा उत्साह दिखा। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने से पूर्व मुस्लिम समाज सुबह से ही नये-नये परिधान पहनकर और इत्र लगाकर ईदगाह व मस्जिदों में जमा होना शुरू हो गये। सबसे ज्यादा नमाजियों की चहलकदमी ईदगाह के तरफ होती रही। शहर के हर मोहल्लों से नमाजी ईदगाह की ओर बढ़ रहे थे। नमाज के वक्त ईदगाह सहित शहर के सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। एसडीओ राकेश कुमार, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, ईओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष शंभू भगत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया सहित हर गतिविधियों पर नजर बनाये हुए थे। वहीं, पुलिस अधिकारी विभिन्न मस्जिदों पर तैनात किये गये थे। साथ ही पुलिस गश्ती के अलावे चौक-चौराहे पर पुलिस जवानों की भी तैनाती की गयी थी।

## केसठ प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्योहार

**केसठ।** सोमवार को ईद का त्योहार प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी गई। त्योहार को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त थी। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद ईद की मुबारकबाद दी। एक महीने की इबादत के बाद ईद पर सुबह से ही ईदगाह में रौनक दिखी। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगो ने अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौके पर उपस्थित मजिस्ट्रेट डॉ. प्रफुल कुमार और नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया की सभी ईदगाहो में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। मौके पर उपस्थित राजद नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव, पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, पूर्व मुखिया धनंजय कुमार यादव उर्फ विधायकजी, अस्लम हुसैन ने मुस्लिम समुदाय के लोगो से गले मिल कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दिए। इस दौरान नमाज खत्म होते ही ईदगाह पर मौजूद गरीब एवं असहाय लोगों के बीच इकट्ठा किए गए दान भेंट किया गया।

## ईद की झलकियां...


नमाज के दौरान जायजा लेने पहुंचे डुमरांव विधायक, एसडीएम, एसडीपीओ व ईओ।


डुमरांव में विधि संधारण को डटे बीडीओ, थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस अधिकारी।


केसठ में नमाज अता करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते लोग।


केसठ में नमाज के दौरान मुस्तैद अधिकारी व अन्य।

## अगलगी में जलकर राख हुआ झोपड़ीनुमा घर

**ब्रह्मपुर।** बगेन थाना क्षेत्र के भदवर गांव में सोमवार की दोपहर अचानक अगलगी की घटना हो गई। घटना में स्थानीय गांव निवासी गजाधर शर्मा का फुसनुमा घर समेत उसमें रखा सारा सामान व जमीन का कागजात जलकर राख हो गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के वक्त गजाधर शर्मा व उनकी पत्नी रेशमा देवी खेत पर काम रहे थे, इसी दौरान अचानक उनकी झोपड़ी में आग लग गई। पड़ोसियों ने जब उनके झोपड़ी से आग की लपटे उठता देखा तो शोरगुल मचा पूरे गांव को इस घटना की जानकारी दिए तथा जैसे तैसे ट्यूवबेल के सहारे पानी डाल आग पर काबू पाया। वहीं, जानकारी मिलते ही पीड़ित दंपति भी दौड़े भागे घर पहुंचा, तबतक उनका सारा सामान राख में तब्दील हो चुका था। पीड़ित गजाधर शर्मा की पत्नी रेशमा देवी ने बताया कि आग के कारण घर में रखा कपड़ा, अनाज, जमीन का कागज, पैसा खाने पीने का अनाज कुछ भी नहीं बचा है।

## लाखों की शराब के साथ तीन गिरफ्तार




**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने महज कुछ देर के अंतराल पर शराब की दो खेप पकड़ी है। इस दौरान एक कार व एक डाक पार्सल वैन जब्त किया गया। दोनों वाहनों पर लाखों रूपए मूल्य की शराब लदी थी। वहीं, उत्पाद विभाग की टीम ने कुल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

उत्पाद विभाग की टीम ने डाक पार्सल लिखी बोलेरो पिकअप से 777.6 लीटर तथा मारुति सुजुकी कार से 110.08 लीटर शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग की टीम से मिली जानकारी के अनुसार डाक पार्सल वैन से ऑफिसर च्वाइस ब्रांड 180 एमएल की 4320 बोतलें जबकि कार से कुल 100 बोतलें मिली हैं। डाक वैन से पकड़ा गया तस्कर राहुल कुमार वैशाली का रहने वाला है। चौसा चेकपोस्ट प्रभारी दिलीप सिंह के अनुसार यह तस्कर 16 अक्टूबर को भी 1837 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया था। वहीं, कार से पकड़े गए तस्करों में इटाढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी व चालक सुमारू यादव पिता स्व. श्रीकृष्ण यादव तथा दूसरा नगर थाना क्षेत्र के गजाधरगंज गांव निवासी अजित कुमार गोंड पिता सरल गोंड के रूप में की गई है।

## मस्जिद के रास्ते में जलजमाव से नमाजियों को हुई परेशानी

**डुमरांव।** बोर्ड की बैठक में ईद पर्व विशेष रूप से साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही गई थी, जिसकी धज्जियां उड़ गई। वार्ड 23 के तकिया मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद जाने वाले रास्ते में हुआ जलजमाव। वैसे तो रविवार को जलजमाव काफी अधिक था, क्योंकि नाली भरा हुआ था और उस पर स्लैब नहीं रखा गया था। पर्व को लेकर स्लैब तो लगा दिया गया, लेकिन नाली की सफाई नहीं की गई। जाम होने से पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया था, जिससे नाली का पानी सड़क पर बहने लगा। इससे मस्जिद जाने वाले रास्ते में जल जमाव हो गया था। यी देख वार्ड के मो. सैफ, मो. अहमद, मो. शमीम हाशमी एवं मो. सोनू ने रविवार की रात नाली उड़ाही का काम किया, जिससे जलजमाव हट गया। पानी हटाने के बाद इनको समझ में आ रहा था कि जलजमाव नहीं होगा, लेकिन सुबह में फिर पानी देख सभी हैरान रहे गए।






### दत्त क्लासेस ने मैट्रिक परीक्षा में बेहतर करने वाले प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

# परिश्रम के साथ विद्यार्थियों को मोटिवेशन देना ही है सफलता की कुंजी: अविनाश दत्त

**केटी न्यूज/बक्सर**




सफलता के लिए प्रतिभा व परिश्रम के साथ साथ मोटिवेशन का बड़ा महत्व है। प्रतिभा को सही समय पर नहीं तराशने पर वह कई बार लक्ष्य से भटक जाती है। उक्त बातें दत्त क्लासेस के निदेशक अविनाश दत्त ने रविवार को कही। वे मैट्रिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले अपने कोचिंग के छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किए थे। उन्होंने इस दौरान बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्द्धन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि परिश्रम का दूसरा कोई विकल्प नहीं है, प्रत्येक छात्र-छात्रा में अच्छा करने की अद्भुत क्षमता भरी रहती है, लेकिन सही दिशा निर्देशन के साथ-साथ मोटिवेट करना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि छात्रों को पढ़ाने के साथ उन्हें मोटिवेट भी करें ताकी, परीक्षा के दौरान दबाव में नहीं आए तथा अपनी नैसर्गिंक प्रतिभा का भरपूर उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों को उत्साहित जरूर करें, लेकिन किसी अन्य छात्र से उनकी तुलना न करें ऐसा करने से उनके मानसिक पटल पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि विद्वान सर्वत्र पूज्यते ऐसे में पढ़ाई एवं खेलकूद से सभी का जुड़ाव बना रहना चाहिए तथा छात्र जीवन के बाद भी समय निकालकर लोगों को साहित्यिक पुस्तको में रुचि रखनी चाहिए।

बताते चलें कि दत्त क्लासेस चुरामनपुर शाखा के छात्र मोहित कुमार ने बोर्ड परीक्षा में 445 अंक प्राप्त किया है साथ ही गणित में 91 एवं हिमांशु कुमार ने 441 तथा गणित में 97 अंक प्राप्त किया है जबकि श्वेता पाण्डेय को विज्ञान में 90 अंक मिला है।

इस अवसर पर दत्त क्लास चुरामनपुर शाखा के शिक्षक अमित कुमार यादव, छात्र नीतीश, रीना, हर्षित ,टप्पू पाल, दीपू गुप्ता ,रोहित आदि उपस्थित थे।




**फोरलेन पर महज 15 किलोमीटर चलने के अब ज्यादा टोल चुकाने होंगे**

# आज से टोल टैक्स पर चुकाने होंगे अधिक पैसे, नई दरें जारी

♦ 20 किलोमीटर क्षेत्र वाले नन कमर्शियल छोटे वाहनों के लिए एक महीने के लिए अब 350 रुपये में पास बनेगा




**केटी न्यूज/आरा**

कार से पटना वाले आरा वासियों को भले ही जाम और अतिक्रमण के कारण एनएच 922 पर हाइवे वाली फीलिंग नहीं आती हो, लेकिन फोरलेन पर महज 15 किलोमीटर चलने के अब पहले की अपेक्षा ज्यादा टोल चुकाने होंगे। टोल प्लाजा कुल्हड़िया से गुजरने वाली छोटी और भारी वाहनों के टैक्स में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रभावी दर एक अप्रैल मंगलवार रात्रि 12 बजे शुरू हो गया है। टोल प्लाजा कुल्हड़िया में स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्रा. ली के प्रबंधक सुधीर सांगवान ने बताया कि कार, जीप, भान और लाइट मोटर वाहन के लिए अब सौ रुपये की जगह 105 रुपया फास्टटैग कटेगा और चौबीस घंटे में एक फेरा के लिए 160 रुपया लगेगा। सात एक्सेल वाहन के लिए 685 रुपया लगेगा, जो पहले 660 रुपया था। वहीं टोल प्लाजा के बीस किलामीटर क्षेत्र वाले नन कमर्शियल छोटे वाहनों के लिए एक महीने के लिए 340 रुपये का पास बनता था। अब 350 रुपये का पास बन रहा है। टोल प्लाजा, कुल्हड़िया में बढ़ा हुआ दर वाहन- सिंगल- रिटर्न जर्नी, छोटे वाहन- 105- 160 एलसीवी, मिनी बस- 170- 255 बस, 2 एक्सेल- 360- 540थ्री एक्सेल कमर्सियल- 390- 5904 से 6 एक्सेल- 565- 8457 एक्सल- 685- 1030 देना होगा। टोल टैक्स बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर पटना से लेकर बख्तियारपुर के बीच की 181.3 किलोमीटर लंबी चार लेन वाली सड़क से गुजरना एक अप्रैल की मध्य रात्रि से महंगा हो जाएगा। इस मार्ग से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को दीदारगंज स्थित टोल प्लाजा पर पहले की अपेक्षा तीन से साढ़े तीन प्रतिशत अधिक टोल टैक्स का भुगतान करना होगा।इस टोल के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वालों को गैर व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही के लिए 350 रुपए का मासिक भुगतान करना होगा।इसके लिए बार में ही राशि का भुगतान कर मासिक पास बनाया जाता है।यह जानकारी गुरुवार को पटना बख्तियारपुर टोल प्लाजा के प्रबंधक प्रभाकर सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लिए गए इन निर्णय का अनुपालन एक अप्रैल की मध्य रात्रि से किया जाएगा। इस टोल से चौबीस घंटों में अभी लगभग 17 से 19 हजार छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही हो रही है। लगन आरंभ होने पर वाहनों की संख्या बढ़ कर लगभग बीस हजार पहुंच जाती है।उन्होंने बताया कि सभी वाहनों में फास्ट टैग लगा है। इसी के माध्यम से टोल टैक्स कटता है। वर्ष 2024 में भी टोल टैक्स में लगभग ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं दूसरी ओर आम लोगों का कहना है कि लगातार दरों में बढ़ोत्तरी की जा रही है। परंतु सुविधा नहीं दी जा रही है। हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात नहीं मिलता है।

**वाहन- सिंगल- रिटर्न जर्नी**
**छोटे वाहन- 105- 160**
**मिनी बस- 170- 255**
**बस, 2 एक्सेल- 360- 540**
**एक्सेल कमर्सियल-390- 590**
**4 से 6 एक्सेल- 565- 845**
**7 एक्सल- 685- 1030**

## सब्जी को लेकर पति से विवाद, छत्तीसगढ़ की डांसर ने जहर खाकर की आत्महत्या

♦ सदर अस्पताल शव का कराया गया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव में रविवार की रात जहर खाने से छत्तीसगढ़ की नर्तकी (महिला डांसर) की मौत हो गई। सोमवार की सुबह कमरे से उसका शव बरामद किया गया। मृतका 19 वर्षीय प्रियंका देवार मूल रूप से छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के भालपहरी, हल्दी बाजार निवासी सिकंदर देवार की पुत्री थी। वह तीन वर्ष पहले भोजपुर के एक युवक से प्रेम विवाह कर उसके साथ श्रीपुर में किराए के कमरे में रहती थी। दोनों को एक दो वर्ष की बच्ची भी है। बताया गया कि रविवार की शाम उसका पति से सब्जी को लेकर विवाद हुआ था, इसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। सोमवार को सदर अस्पताल, आरा में उसका पोस्टमार्टम कराया गया।



एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।बताया गया कि प्रियंका पांच वर्ष पहले छत्तीसगढ़ से भोजपुर आई थी। यहां श्रीपुर के अशोक राम के मुस्कान थियेटर में नर्तकी थी। एक कार्यक्रम के दौरान आयर थाने के सुल्तानपुर गांव निवासी लक्ष्मण शर्मा के संपर्क में आई थी। नजदीकियां बढ़ीं तो दोनों ने लगभग तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था।

## बिहार टॉपर को लैपटॉप दे किया सम्मानित

**आरा।** राजद के वरीय नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने मैट्रिक परीक्षा में बिहार टॉपर को लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। पिटरो गांव पहुंच कर टॉपर रंजन वर्मा समेत उनके दो भाइयों को भी मैट्रिक में बेहतर अंक लाने पर सम्मानित किया। कहा कि अपनी तरफ से भविष्य में भी अच्छी पढ़ाई करने के लिए लैपटॉप भेंट कर मदद की है। आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। बताया कि वे रंजन वर्मा की पढ़ाई में हरसंभव मदद करेंगे। मौके पर मनीष यादव, विनोद यादव, मंटू यादव, अशोक सिंह, प्रमोद तिवारी, ऋतिक रौशन, दीपक कुमार, रजनीश कुमार, मुन्ना कुमार समेत कई थे।

## नये थानाध्यक्ष ने चौकीदारों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**आरा।** जगदीशपुर के नये थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने योगदान दिया। इस दौरान थाने के सभी चौकीदारों की परेड ली। गांवों में हर गतिविधि पर नजर रखने का फरमान जारी किया। श्री रंजन ने योगदान के साथ ही थाने के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर केस निष्पादन, वारंटी सहित कई बिंदुओं पर समीक्षा की और क्षेत्र भ्रमण किया। मौके पर दारोगा जयंत प्रकाश, नीता कुमारी, मीना कुमारी, पीएसआई चंदन कुमार सहित अन्य थे। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में दिया परामर्श सहार, संवाद सूत्र। प्रखंड के एकवारी में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

## सीमित संसाधनों में जान हथेली पर रखकर फोटोग्राफी कर रहे फोटोग्राफरः अमरेंद्र प्रताप

**केटी न्यूज/आरा**

स्थानीय मैंना सुंदर धर्मशाला में बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन का पहला स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि आरा विधायक व पूर्व कृषी मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह थे। स्थापना दिवस का शुभारंभ विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दीप जला कर किया गया। इस अवसर पर फोटोग्राफरों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इतिहास हो या वर्तमान फोटोग्राफरों के द्वारा ही हम समाज में घटित घटनाओं को देख रहे हैं। सीमित संसाधनों में फोटोग्राफर अपनी जान हथेली पर रखकर फोटोग्राफी करते हैं, उन्होंने कहा कि आपकी जो भी छोटी बड़ी परेशानियां हैं उनको दूर करने का प्रयास मैं जरूर करूंगा। तिवारी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर विशिष्ट अतिथि राकेश तिवारी ने फोटोग्राफरों को विश्वकर्मा योजना से जोड़ने की बात कही। स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के मशहूर व बुजुर्ग



फोटोग्राफर मोहम्मद शमीम अख्तर और विजय कुमार को फोटोग्राफी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से अमरेंद्र सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। साथ में 2024 में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में सबसे कम उम्र के फोटोग्राफर प्रभात रंजन उर्फ तेजस को भी सम्मानित किया गया इसके बाद पटना, बक्सर औरआरा के पदाधिकारी और सदस्यों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत ओझा व संचालन सरोज सुमन ने की। इस अवसर पर प्रदीप रंजन रोहित खत्री, पंकज कुमार , सचिन चंदन कुमार मोहम्मद अशरफ, अमित मिश्रा उपस्थिति थे।

**चंद्रशेखर अपने जीवन काल में छात्रों के प्रिय नेता थे, जुल्मों - सितम के दौर में प्रेरणा स्त्रोत**

# कॉ० चंद्रशेखर और श्याम नारायण का 28वां शहादत दिवस संकल्प सभा के रूप में मनाया

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले आरा शहर के भाकपा माले जिला कार्यालय श्रीटोला में जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्ष कॉमरेड चन्द्रशेखर और श्याम नारायण यादव के 28 वीं पुन्य तिथि पर संकल्प सभा के रूप में मनायी गयी। वहीं श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव जवाहर लाल सिंह ने कहा कि कॉ० चंद्रशेखर सिर्फ एक छात्र नेता ही नहीं, बल्कि क्रांतिकारी चेतना और संघर्ष का प्रतीक थे। छात्र संगठन आइसा से जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष के रूप में रहे। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को मुखरता से उठाया। लेकिन उनका संघर्ष केवल विश्वविद्यालय तक ही सीमित नहीं था। वे साम्राज्यवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक और जातिगत उत्पीड़न के खिलाफ एक जनआंदोलन की अगुवाई कर रहे थे। उन्होंने सामंती वर्चस्व के खिलाफ गरीबों, मजदूरों और दलितों के हक की लड़ाई लड़ी और शोषण के खिलाफ कमजोर वर्ग को मजबूती से खड़ा होने को प्रेरित कर रहे थे। अरवाईए जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी ने कहा कि आज जब फासीवादी ताकतें लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल रही हैं, जब किसानों, मजदूरों और युवाओं के अधिकार छीने जा रहे हैं, तब चंदू का संघर्ष हमें याद दिलाता है कि क्रांति का रास्ता कभी आसान नहीं होता। उनकी शहादत हमें प्रेरित करती है कि हम अन्याय के खिलाफ खड़े हों, हर तरह की तानाशाही और दमन का विरोध करें। आज युवाओं को खड़ा होना होगा। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए। जिसका संचालन आइसा जिला सहसचिव रौशन कुशवाहा करते हुए कहा कि शहीद चंद्रशेखर अपने जीवन काल में छात्रों के प्रिय नेता थे। नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आज भी याद किये जाते है। यदि आज कॉ० चंद्रशेखर होते, तो छात्र-नौजवानों एवं किसानों के अधिकार की लड़ाई को मजबूती प्रदान करते। हमें कॉ० चंद्रशेखर के विचारों को कैंपसों और छात्र - युवाओं के बीच पहुंचना होगा।



THE AMITY SCHOOL
School - U DISE Code No. 10301709511
शाहाबाद का गौरव Std. - L.K.G. TO 10+2
Full Fledged English Medium, Co-Educational, Based on C.B.S.E., Curriculum, New Delhi
NH.319, SONVARSHA (BUXAR)

Contact No.: 7485041132, 7739060430, 7762051256, 9931732561
Admission Open 2025-26
"निजू सिंह फ्री एजुकेशन स्कीम" के तहत 12 टॉपर्स छात्रों का 50% स्कूल फीस मुफ्त
Best Teaching Faculties In Bihar
"हरेन्द्र सिंह, शांति सिंह फ्री एजुकेशन स्कीम फॉर आर्फन" के तहत 06 अनाथ छात्रों का स्कूल फीस बिल्कुल मुफ्त
1. English Spoken Class
2. Smart Class
3. Computer Lab
4. Science Lab
5. Library
6. Maths Lab
7. CCTV Camera
8. Dance, Song & Yoga Special Classes
9. All Subjects Projects Exhibition
10. School Transport for All Routes
11. Outdoor and indoor Sports Facility
12. Inter School Competition.
ADMISSION FREE
RE ADMISSION FREE
The School Requires trained, qualified and experienced Teachers in the subjects Science, Maths, English, Social Science, Hindi, Computer Science, Painting, Music,
Minimum Qualification
Fooding & Lodging Free For Teachers
TGT- Bachelor Degree With B.Ed
PRT- Basic Trained with Bachelor Degree and T.E.T.
Salary- As per C.B.S.E.Norms (Smart Salary in Bihar)
Interview 25.03.2025 to 31.03.2025 at 10:00 am (Venue- In School Premises)

Amrendra Rajesh
Director
The Amity School

SCHOOL CODE: 65885
ESTD: 2011
SCHOOL No. 330890
GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
A Leading Institution with Difference In SAHABAD Since 2011
(Affiliated to CBSE New Delhi - 10 + 2)
STREAMS: SCIENCE (Maths/Biology), Commerce and Humanities/Art
REGISTRATION/ADMISSION OPEN FROM 2nd FEBRUARY 2025
NURSERY to Class 9th & 11th
ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल
विगत 14 वर्षो से शाहाबाद क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए।
(सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली द्वारा 12वीं तक मान्यता प्राप्त) स्ट्रीम्स: विज्ञान (गणित/जीव विज्ञान), कामर्स एवं ह्यूमैनिटीज/कला

कक्षा नर्सरी से 9 वीं तथा 11 वीं तक
दिनांकः- 2 फरवरी 2025 से नामांकन प्रारंभ
SAILENT FEATURES:
• Digital Classrooms (Smart Classes) with advance Technology For All Classes
• Audio-Visual Classrooms for Kindergarten.
• Well Equipped Labs (Physics, Chemistry, biology and Computer)
• Well Equipped Library with Thousands of Books.
• Unmatched Security & Safety with CCTV Survellance.
• Trained Teachers from West Bengal (Darjeeling) and Jharkhand.
• Large Field with Variety of Game Equipments and Experienced Game Teacher.
• Regular Yoga & Scout Classes by Certified Trainer.
मुख्य विशेषताएं:
• सभी कक्षाओं के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ डिजिटल क्लासरूम (स्मार्ट क्लास)।
• किडस्मार्टन के लिए ऑडियो- विजुअल कक्षाएँ।
• अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और कम्प्यूटर)
• हजारों पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय।
• सीसीटीवी निगरानी के साथ बेजोड़ सुरक्षा और संरक्षण।
• पश्चिम बंगाल (दार्जिलिंग) और झारखंड से प्रशिक्षित शिक्षक एवं शिक्षिकायें।
• अनुभवी खेल शिक्षक के साथ विभिन्न प्रकार के खेल उपकरणों से सुसज्जित बड़ा मैदान।
• प्रमाणित प्रशिक्षक द्वारा नियमित योग और स्काउट कक्षाएँ।

2025 ADMISSION OPEN
Rupsagar, Main Road Nawanagar, Buxar (Bihar) - 802129
Contact No.- 7654245005, 9905686087, 6200727438
Email ID: gyanjyoti.nawanagar@gmail.com | website: www.gyanjyotipublicschool.in

## संक्षिप्त समाचार

### हेमंत सोरेन टॉप 50 हस्तियों में शामिल, अरविंद केजरीवाल, जेपी नड्डा समेत कई दिग्गजों को पीछे छोड़ा



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साल 2025 में बड़ी खुशखबरी मिली है. अब वे देश के टॉप 50 हस्तियों में शामिल हो गये हैं. उन्हें 100 सबसे शक्तिशाली लोगों की सूची में जगह दी गयी है. दरअसल अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस ने देश के 100 सबसे शक्तिशाली लोगों की सूची जारी की है. जिसमें सीएम सोरेन 40वें स्थान पर है. हालांकि बीते वर्ष भी वह 100 शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल थे. इससे पहले इंडियन एक्सप्रेस की पावर लिस्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 93वें स्थान पर थे. इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी सूची में पीएम मोदी को पहले स्थान पर रखा है. दूसरे नंबर पर गृह मंत्री अमित शाह, तीसरे पर विदेश मंत्री एसन जयशंकर, चौथे पर संघ प्रमुख मोहन भागवत और पांचवें नंबर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं. टॉप नाइन में योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव और राहुल गांधी शामिल हैं. व्यवसायी मुकेश अंबानी को सूची में 10वां और गौतम अदाणी को 11वां स्थान दिया गया है. खास बात ये है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस लिस्ट में बीजेपी के राष्ट्रीय जेपी नड्डा और अरविंद केजरीवाल से आगे हो चुके हैं. हालांकि वे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार से पीछे हैं. स्पोर्ट्स पर्सनालिटी में रोहित शर्मा पहले स्थान हैं. वह इस लिस्ट में 48 वें स्थान पर हैं. दक्षिण भारत के फिल्मस्टार थल्लापति विजय सबसे शक्तिशाली एक्टर्स की सूची में नंबर वन पर है.

### हजारीबाग के शहरी क्षेत्र में घुसे एक दर्जन हाथी, रिहायसी इलाकों में बना भय का माहौल

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले में हाथियों का आतंक कोई नई बात नहीं है. कई बार हाथी रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं. इस बार शहर के बीचो-बीच 10 से अधिक हाथियों का समूह उत्पात मचा रहा है. हाथियों का समूह डेमोटांड़ रांची-हजारीबाग मार्ग स्थित राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश कर गया है. जिसका एक छोर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) से मिलता है. अब स्थानीय लोगों को यह भय है की इस क्षेत्र के चारदीवारी के अंदर अगर हाथी प्रवेश कर गया तो वह जनसंख्या बहुल क्षेत्र है, जहां बड़ी घटना भी घट सकती है। हाथियों के झुंड में दो छोटे हाथी है और 8 से अधिक बड़े हाथी बताएं जा रहे हैं. हाथी डेमोटांड़ के रास्ते होते हुए राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश कर गए हैं. यह क्षेत्र में पहले भी हाथी का उत्पात देखने को मिला है. स्थानीय बताते हैं कि शनिवार देर रात को हाथियों का समूह राइस रिसर्च सेंटर के आसपास देखा गया था. उनके आवाज से यह पता चला कि संख्या काफी अधिक है. रात में भय के कारण ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकले. सुबह जब घर से बाहर निकले तो पता चला कि 10 से अधिक हाथी क्षेत्र में घुस आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राइस रिसर्च सेंटर का पिछला हिस्सा प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) से मिलता है. इसके आसपास दो स्कूल भी है. रविवार होने के कारण विद्यालय बंद है. अगर हाथी चार दिवारी तोड़कर आत्मा के परिसर में प्रवेश कर जाएगा तो भारी फजीहत का सामना करना पड़ेगा. क्योंकि वह जनसंख्या वाला क्षेत्र है. हाथियों ने चार दीवारी तोड़ने का प्रयास भी किया है. क्षेत्र में जब हाथी होने की जानकारी मिली तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हाथी को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने हाथी होने की सूचना वन विभाग को दे दी. जिसके बाद वन विभाग के कर्मी हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे हैं. सहायक वन संरक्षक एके परमार का कहना है कि दिन के समय हाथी भगाना संभव नहीं है. देर रात हाथी को भगाने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि हाथी के आसपास नहीं भटके. साथ ही सेल्फी लेने की कोशिश ना करें. वन विभाग कर्मी ने कहा कि अगर हाथी एक बार बिदक गया तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. उन्होंने कहा कि शिशु हाथी को अगर किसी ने छेड़ा तो उसका खामियाजा लोगों को ही भुगतना पड़ेगा।

## देवघर के लोगों के लिए खुशखबरी,
# 10 अप्रैल से आईएसबीटी बाघमारा से चलेंगी बसें




**देवघर, एजेंसी।** देवघर के लोगों को जिला प्रशासन ने बड़ी खुशखबरी दी है। जिला प्रशासन ने तय कर दिया है कि दस अप्रैल से इंटर स्टेट बस टर्मिनल से बसों का परिचालन होगा। उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में शहरी परिवहन व सुचारु यातायात व्यवस्था को लेकर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी थे।

बैठक में आमजनों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर ये फैसला किया गया कि आगामी 10 अप्रैल से बाघमारा स्तिथ नए आइएसबीटी (बस स्टैंड) में सुचारू रूप से बसों का परिचालन होगा।

इसे सुनिश्चित करने का निर्देश नगर आयुक्त व जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।इसको ध्यान में रखकर प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

नया आइएसबीटी (बस स्टैंड) में आमजनों की सुविधा और सुरक्षा के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में लोगों को बड़ी सवारी गाड़ियों के कारण अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या को झेलना पड़ता है।

अब आमजनों को इस समस्या का स्थाई निजात मिल जाएगा। साथ ही 20 एकड़ में फैले इस बस टर्मिनल के निर्माण में लगभग 42 करोड़ खर्च हुए है। देवघर का यह बस टर्मिनल झारखंड के सबसे बड़ा टर्मिनल है, जहां एक साथ 150 बसों का ठहराव होगा।

इसके साथ ही कार, ऑटो, टोटो पार्किंग की भी विशेष सुविधा रहेगी। वाहनों के सर्विसिंग के लिए वर्कशॉप की भी सुविधा है। बस टर्मिनल में आमजनों की सुविधा मुहैया कराने के लिए लिफ्ट,एक्सीलेटर, वेटिंग रूम, शौचालय, स्नानागार, 85 दुकानें और फूड कोर्ट की भी व्यवस्था की गई है।

# धनबाद में खुलेगा नया मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने की घोषणा



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रविवार को धनबाद में बड़ी घोषणा की है. एक निजी अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करने कोयला नगरी पहुंचे इरफान अंसारी ने धनबाद को मेडिकल हब बनाने की बात कही है. साथ ही पीपीपी मोड एक और मेडिकल कॉलेज खोलने का एलान किया।

### निजी अस्पताल का उद्घाटन करने पहुंचे थे इरफान

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रविवार को धनबाद के सरायढेला में एक निजी अस्पताल का उद्घाटन किया. इस दौरान मंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर निजी अस्पताल प्रबंधन द्वारा केक काटा गया और और मंत्री इरफान अंसारी को बधाई दी गई।

कार्यक्रम के समापन के बाद स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि धनबाद को मेडिकल हब बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि धनबाद में 500 बेड का एक अतिरिक्त अस्पताल जल्द ही तैयार किया जाएगा. यह कदम स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने और लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए उठाया जा रहा है।


### राज्य में 5 नए मेडिकल कॉलेजों का होगा निर्माण

मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार प्रथम चरण में पांच नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण करने जा रही है. इसके लिए पीपीपी मोड पर सरकार मेडिकल कॉलेज खोलने का अवसर प्रदान कर रही है. इच्छुक लोगों से अपील की गई है कि वे आगे आएं, क्योंकि सरकार उन्हें पूरा सेटअप तैयार करके देगी।

### एम्बुलेंस व्यवस्था भी सुदृढ़ की जाएगी

वहीं मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था को कारगर बनाने के लिए राज्य में 300 नई एम्बुलेंस उतारी जाएगी. इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए 300 बाइक एम्बुलेंस उतारने की भी योजना बनाई गई है. यह कदम दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरा साबित होगा।

# 10 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद, सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को मिली सफलता



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन लगातार जारी है. इसको लेकर सुरक्षा बलों और पुलिस को लगातार सफलताएं भी मिल रही हैं. इसी कड़ी में रविवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगलों से आईईडी को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है।

पश्चिमी सिंहभूम पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान रविवार को छोटानागरा थानान्तर्गत वनग्राम डिकू पोंगा और हथना बेरा के बीच में जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था. इसी दौरान उनको निशाना बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 5-5 किलो के दो आईईडी बरामद किया गया. सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से विस्फोट करके विनिष्ट किया गया है. इन इलाकों में संचालित नक्सल विरोधी अभियान आगे भी जारी है।

बता दें कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा की 203 और 209 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के विभिन्न बटालियनों की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

# हजारीबाग में रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों ने रूट वेरिफिकेशन कर कई बिंदुओं पर दिए निर्देश

**हजारीबाग, एजेंसी।** सरहुल और रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है. त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था का हाल जानने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह और पदाधिकारियों ने रूट वेरिफिकेशन किया.इस दौरान जिले के सभी वरीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे.

**रामनवमी जुलूस को लेकर रूट वेरिफिकेशन :** जिला प्रशासन ने रामनवमी जुलूस को लेकर रूट वेरिफिकेशन किया.इस दौरान जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में बल शामिल रहे. रूट वेरिफिकेशन पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुआ जो इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक होते हुए बड़ा अखाड़ा, जादू बाबू चौक, महावीर स्थान होते हुए गोवा टोली चौक तक किया गया. इस दौरान कई अन्य इलाकों में भी पदाधिकारी की गाड़ी दौड़ती नजर आई।

आपको बता दें कि हजारीबाग में रामनवमी जुलूस लगभग 36 घंटे तक रहता है . 108 अखाड़े की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है. शोभायात्रा के दौरान किसी तरह का विघ्न न हो इसे देखते हुए जिला प्रशासन की टीम सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा लेने निकली. इस दौरान अधिकारियों ने झूले हुए बिजली तार, अर्धनिर्मित भवन, सड़क की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की जानकारी ली।



**कमियों को दूर करने का प्रयासः उपायुक्त :** इस मौके पर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा यह पहले चरण का वेरिफिकेशन है. जिसमें जिले के सभी अधिकारी उपस्थित हैं. कुछ दिनों के बाद फिर से जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि सड़क पर झूलते हुए बिजली तार, सूखे हुए पेड़, अर्धनिर्मित भवन समेत अन्य बिंदुओं को देखा जा रहा है. जो भी समस्या आ रही है उसे दूर करने का निर्देश दिया जा रहा है।

**सड़क किनारे से ईंट और पत्थर हटाने का निर्देश :** वहीं इस मौके पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी जुलूस मार्ग में पड़ने वाले हर एक बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है. अर्धनिर्मित भवन और सड़क के किनारे से पत्थर और ईंट को हटाने का निर्देश दिया गया है. साथ ही झूलते बिजली तारों को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिया जा रहा है. आने वाले दिनों में फिर से रूट वेरिफिकेशन किया जाएगा, ताकि रामनवमी जुलूस में शामिल लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

**5 हजार से अधिक सुरक्षा बलों की होगी तैनाती :** पिछले दिनों हजारीबाग में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के बाद प्रशासन अलर्ट है. 5000 से अधिक सुरक्षा बलों के उपस्थिति में रामनवमी जुलूस संपन्न कराया जाएगा. पर्व के दौरान स्पेशल ब्रांच के अलावा अन्य एजेंसी अभी से हजारीबाग में सक्रिय हो गई हैं. पूरे जुलूस मार्ग की सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखी जाएगी. वहीं निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल भी किया जाएगा।

# अनुज कनौजिया एनकाउंटर के बाद चर्चा में 'भूमिहार मेंशन'

**भूमिहार, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के माफिया मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर अनुज कनौजिया के एनकाउंटर के बाद 'भूमिहार मेंशन' काफी चर्चा में है. सोशल मीडिया पर लोग भूमिहार मेंशन के मालिक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं. किसी ने लिखा है कि एनकाउंटर मन में बहुत से सवाल खड़े करता है. यही यूजर आगे लिखता है कि अगर इस लड़के का एनकाउंटर किया जा सकता है, तो बाकी का क्यों नहीं बाकी माफिया को क्यों शरण दी जा रही है एक यूजर लिखता है कि अनुज को सुधरने का मौका दिया जा सकता था. वह मजबूरी में गैंगस्टर बना था, शौक से नहीं. एक यूजर लिखता है, 'भूमिहार समझ गया होगा.'

आईए, आपको बताते हैं कि भूमिहार मेंशन का अनुज कनौजिया के एनकाउंटर से क्या कनेक्शन है. दरअसल, यह वही जगह है, जहां अनुज कनौजिया का एनकाउंटर हुआ. यह जगह पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर से सटा इलाका है.




गोविंदपुर में विकसित इस टाउनशिप का नाम अमलतास सिटी है. इसी अमलतास सिटी में मौजूद है भूमिहार मेंशन. भूमिहार मेंशन में अनुज कनौजिया ने अपना ठिकाना बना रखा था.लंबे समय से फरार उत्तर प्रदेश के इस शार्प शूटर के बारे में जमशेदपुर के एक मुखबिर ने सूचना दी कि वह अमतलास सिटी के भूमिहार मेंशन में छिपा है. इसके बाद उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने झारखंड पुलिस से संपर्क किया और भूमिहार मेंशन को घेरकर अनुज कनौजिया को सरेंडर करने के लिए कहा. अनुज ने सरेंडर करने की बजाय ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. बम से भी पुलिस बल पर हमला किया. यूपी एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में अनुज कनौजिया मारा गया.

एनकाउंटर में अनुज कनौजिया के मारे जाने के बाद भूमिहार मेंशन चर्चा में है. भूमिहार मेंशन के असली मालिक के बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसका मालिक चिंटू सिंह उर्फ शशि शेखर है. चिंटू सिंह जमीन कारोबारी है. बहरहाल, इस मामले में पुलिस ने राहुल सिंह राजपूत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. भूमिहार मेंशन को पुलिस ने सील कर दिया है.

# रेल लाइन डाइवर्ट करने की क्या है योजना सर्वे के बाद मैकेनिज्म की हो रही है समीक्षा

**पलामू, एजेंसी।** पलामू टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली रेलवे लाइन को डायवर्ट करने की मैकैनिज्म की समीक्षा की जा रही है. सोननगर से पतरातू तक रेलवे की थर्ड लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है. रेलवे के इस फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण कार्य कई जगहों पर अंतिम चरण में है, जबकि कई जगहों पर इसका निर्माण पूरा हो चुका है।

रेलवे की थर्ड लाइन पलामू टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली है, जबकि पहले से ही दो लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरती है. रेलवे विकास निगम ने थर्ड लाइन के निर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति मांगी थी. लेकिन पलामू टाइगर रिजर्व ने रेलवे की थर्ड लाइन को पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरने पर आपत्ति जताई थी.जिसके बाद वाइल्ड लाइफ बोर्ड और रेलवे विकास निगम ने मिलकर पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरने वाली रेलवे लाइन को डायवर्ट करने की योजना तैयार की।रेलवे विकास निगम और पलामू टाइगर रिजर्व ने मिलकर कोर एरिया से गुजरने वाली रेलवे लाइन को



डायवर्ट करने को लेकर सर्वे भी किया है. पलामू टाइगर रिजर्व ने छिपादोहर रेलवे स्टेशन से लाइन डायवर्ट करने को कहा है. डायवर्सन के बाद रेलवे लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के बफर एरिया से गुजरेगी और एक जगह चिकन नेक प्वाइंट बनेगा. डायवर्सन के बाद 11 किमी की दूरी 14 किमी हो जाएगी. डायवर्सन के बाद रेलवे लाइन छिपादोहर रेलवे स्टेशन से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन तक जाएगी।

दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में पहली लाइन कब बिछाई गई, इसके बारे में कोई सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है.

# अडानी के मुद्दे पर राहुल गांधी के स्टैंड में एक इंच भी चेंज नहीं होगा: के राजू

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस के संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया. इस मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंथन कार्यक्रम में लिए गए निर्णय और कांग्रेस की नीतियों की जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी के बारे में जो स्टैंड राहुल गांधी ने लिया है, उस स्टैंड में एक इंच भी चेंज नहीं होगा. उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई सेकेंड ओपिनियन नहीं है. हमारे कांग्रेस नेताओं या सहयोगी दलों के नेताओं का भी इस मुद्दे पर कोई दूसरी राय नहीं है. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के.राजू का यह बयान इस मायने में बेहद खास है क्योंकि शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गौतम अडानी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था. हेमंत सोरेन और गौतम अडानी की इस मुलाकात के बाद राज्य की राजनीति में तमाम तरह की बातें होने लगी थी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि मुद्दा यह है कि राहुल गांधी जी किस मुद्दे पर फाइट कर रहे हैं राहुल गांधी अडानी के बिजनेस के बारे में नहीं, बल्कि जो रास्ता उन्होंने चुना पब्लिक प्रॉपर्टी उनके हाथ में देने के लिए गलत प्रोसेस अपनाया गया. उन्होंने मार्केट को इन्फ्लूएंस कर पैसा कमाया है. इन्हीं बातों पर राहुल गांधी का विरोध है।




**मुख्यमंत्री से इन बातों पर हुई चर्चा :** आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की जानकारी देते हुए के.राजू ने कहा कि बोर्ड निगम और आयोग के खाली पदों को भरने पर बात हुई है. स्टेट लेवल पर अनुसूचित जाति एडवाइजरी काउंसिल के गठन की दिशा में आगे बढ़ने पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया है।

**राज्य में पेसा कानून लागू करवाएगी कांग्रेस :** झारखंड के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून को लागू करने के लिए कृत संकल्पित है. कांग्रेस पार्टी आदिवासी संगठनों और जनता की राय लेकर पेसा कानून लागू करवाएगी. के राजू ने कहा कि मंथन के दौरान अलग-अलग जिलों से विस्थापन, मुआवजा, पुनर्वास की समस्याएं सामने आई हैं. 2013 भूमि अधिग्रहण कानून को लेकर भी सीएम से बात हुई है. के. राजू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य में जल्द विस्थापन आयोग बनाने का भी वादा किया है।

**जनमुद्दों पर एक्टिविटी बढ़ाने पर फोकस :** बीते पांच दिनों तक पदाधिकारियों के साथ मंथन कार्यक्रम में सकारात्मक संवाद होने की जानकारी देते हुए के. राजू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मूल उद्देश्य संगठन में कांग्रेस लीडर को मौका देना है. कांग्रेस पार्टी के लिए कार्यकर्ता बेहद महत्वपूर्ण हैं. इसलिए उनकी समस्या सुनी गई है. आगे किन मुद्दों पर फोकस करना है इस पर भी विस्तार से चर्चा हुई. के राजू ने कहा कि पार्टी का सृजन तभी होगा जब जनसरोकार के मुद्दे पर हमारी एक्टिविटी बढ़ेगी।

**अगले पांच वर्षों की बनाई योजना-के राजू :** पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए के. राजू ने कहा कि इन पांच दिनों में कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों की राय ली गई है. सबके निचोड़ से जो बेस्ट निकला उसके आधार पर अगले 05 वर्षों के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है. के.राजू ने कहा कि पोलिटिकल पार्टी सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए नहीं है, बल्कि जनसरोकार के मुद्दे पर काम करना भी राजनीतिक दलों का काम है।

**15 जुलाई तक पुनर्गठित की जाएगी पीसीसी झारखंड :** के राजू ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को 15 जुलाई तक पुनर्गठित कर ली जाएगी. इस बार की योजना यह है कि राज्य के जो भी नेता यह समझते हैं कि वह पीसीसी में काम कर सकते हैं , वो अपनी इच्छा प्रकट कर सकते हैं. इसके लिए गूगल फॉर्म भरना होगा।

**हर कांग्रेसी के मोबाइल में होगा झारखंड कांग्रेस ऐप :** पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम के समापन पर के.राजू ने कहा कि झारखंड कांग्रेस का ऐप हर वर्कर के मोबाइल में होगा. यह प्रक्रिया 15 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी, ताकि इस ऐप पर वर्कर्स को टास्क और परफॉर्मेंस के साथ-साथ ट्रेनिंग दी जा सके।

**जनमुद्दों पर भी मुखर रहेगी कांग्रेस-के. राजू :** के.राजू ने कहा कि जन मुद्दों पर पार्टी जनता की आवाज बनेगी. संगठन के नेता, सरकार से बात कर उन मुद्दों का समाधान निकालेंगे, जो सरकार के स्तर पर सॉल्व हो सकता है. जहां-जहां कांग्रेस विधायक या सांसद नहीं हैं, वहां भी हमारे कार्यकर्ता अपने सहयोगी दलों के विधायक सांसद के साथ मिलकर सामंजस्य बैठाकर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे. इससे पूरी उम्मीद है कि आनेवाले दिनों में राज्य में पार्टी का संगठन बेहद मजबूत हो जाएगा।



# अपने वॉर्डरोब में शामिल करें टाइमलेस ड्रेसेज, ज्वैलरी और फुटवियर्स

**हर किसी की चाहत होती है कि उसका वॉर्डरोब फैशनेबल ड्रेसेज और एसेसरीज से भरा रहे। अपने वॉर्डरोब को फूल करने के चक्कर में लोग अक्सर भूल जाते हैं कि फैशन का ट्रेंड बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बेस्ट ऑप्शन यह है कि एक टाइमलेस वॉर्डरोब के बारे में सोचा जाए।**

**फैशन** ट्रेंड की भविष्यवाणी थोड़ा मुश्किल काम है। आज जो ट्रेंड है, वह कल होगा या नहीं, इसके बारे में पूरी तरह से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन यह भी पूरी तरह से सच नहीं है कि आप लिटेस्ट फैशन को जज न कर सकें। वैसे भी कुछ बेसिक आइटम्स की जरूरत हमेशा बनी रहती है। इन्हें अपने वॉर्डरोब में शामिल करके अपने वॉर्डरोब को फैशनेबल बना सकती हैं। आप अपने वॉर्डरोब में कुछ टाइमलेस ड्रेसेज, ज्वैलरी और फुटवियर्स शामिल करें, ये आपके काम आएंगे।

## वाइट शर्ट

फैशन डिजाइनर सौमित्र कुमार की मानें, तो वॉर्डरोब के लिए वाइट टेलर्ड शर्ट सबसे जरूरी है। दरअसल, वाइट शर्ट या टॉप के साथ कुछ भी मैच करके पहना जा सकता है। वाइट शर्ट के साथ कोई भी एसेसरीज आसानी से मैच हो जाती हैं। आप चाहें तो वाइट शर्ट में डिफरेंट कट्स, स्टाइलिश स्लीव्स या फंकी कॉलर्स डिजाइन करवा सकती हैं। वहीं, फैब्रिक में सिल्क, शिफॉन व जॉर्जेट टेक्सचर ट्राई करें। इन फैब्रिक्स में फिटिंग भी बहुत अच्छी आती है और इन्हें हर सीजन में पहना जा सकता है।

## शिफ्ट ड्रेसेज

अक्सर लड़कियां किसी ओकेजन को ध्यान में रखकर ड्रेसेज परचेज करती हैं। यही वजह है कि अगर उन्होंने फॉरमल ओकेजन के लिए ड्रेस ली है, तो वह उसे नाइट पार्टी में पहनना बिल्कुल पसंद नहीं करती हैं। ऐसे में शिफ्ट ड्रेसेज बेस्ट ऑप्शन हैं। इन्हें आप डे व नाइट दोनों मौकों पर पहन सकती हैं। दरअसल, एक सिंपल ड्रेस से भी मैजिक क्रिएट किया जा सकता है। जरूरी यह है कि उसे स्मार्टनेस के साथ कैरी किया जाए। शिफ्ट ड्रेसेज पहनने से फेमिनिन लुक तो आता ही है तथा इन्हें कैरी करके आप और भी ज्यादा स्टाइलिश लग सकती हैं।

## जैकेट

यदि आप एक ही ड्रेस पहनकर बोर हो गई हैं तो जैकेट के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इन दिनों मिलिट्री जैकेट ट्रेंड में है। इन्हें आप सॉलिड कलर्स में ले सकती हैं। इससे आपको क्लासिक लुक मिलेगा। यदि आप नाइट आउट पर जा रही हैं तो शाइनी जैकेट बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप लेगिंग्स के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इससे आपको पूरा पार्टी लुक मिलेगा और आप काफी ग्लैमरस लगेंगी।

## ब्लैक ड्रेसेज

कोई भी वॉर्डरोब ब्लैक ड्रेसेज के बिना कम्प्लीट नहीं होता है। इसे किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है। चाहे आप स्लिम दिखना चाहती हों या अपने लुक में क्विक चेंज चाहती हों, ब्लैक ड्रेस के साथ हल्की-फुल्की ज्वैलरी कैरी करें। इसका मिक्स एंड मैच स्टाइल से खुद को डिफरेंट लुक दिया जा सकता है। ब्लैक ड्रेस के साथ सिल्वर जूलरी बहुत फबती है। आप इनके साथ अपने वॉर्डरोब में ट्रेंडी शूज भी शामिल कर सकती हैं। इनके कलर सीजन के मुताबिक चुनें। इन्हें आप सिल्वर, गोल्ड और प्लेन ब्लैक में चुन सकती हैं। यह आपकी पर्सनैलिटी पर खूब फबेगा।

## जींस

हर किसी के पास एक पेयर जींस होना लाजिमी है, लेकिन उसका फिट होना भी बहुत जरूरी है। फैशन डिजाइनर सौम्या अरोड़ा कहती हैं, जींस हर ऐज में और हर ओकेजन में पहन सकती हैं। यह जरूरी नहीं है कि जींस ब्रांडेड ही हो। आप जींस के साथ खूब एक्सपेरिमेंट भी कर सकती हैं। अगर आप कैजुअल आउटिंग पर जा रही हैं, तो इसके साथ बैगी टी-शर्ट व स्नीकर्स पहन सकती हैं। यदि आप को पार्टी में जाना है तो जींस के साथ स्टाइलिश टॉप और हाई हील्स ट्राई कर सकती हैं। यह ध्यान रखें कि जींस की क्वॉलिटी अच्छा हो।

## पर्ल

जिस तरह डायमंड हर एज ग्रुप के लिए परफेक्ट हैं। वैसे ही पर्ल भी कभी फैशन से आउटडेटेड नहीं होते हैं। आप एसेसरीज में पर्ल नेकलेस या बैंगल्स जरूर रखें। इन्हें आप हर तरह के आउटफिट्स के साथ कैरी कर सकती हैं। अगर आप रियल पर्ल नेकलेस पसंद नहीं करती हैं तो फेक नेकलेस खरीद सकती हैं।



# आपके लिए क्यों जरूरी शॉपिंग डिटॉक्स

**शॉपिंग डिटॉक्स से सिर्फ पैसों की ही बचत नहीं होती, बल्कि इससे अन्य भी कई लाभ मिलते हैं।**

महिलाओं के सामने जब भी शॉपिंग का नाम लिया जाता है, तो उनके चेहरे पर एक गजब की मुस्कान छा जाती है। कई बार हम जरूरी चीजों को खरीदने के लिए शॉपिंग करते हैं। वहीं जब कभी मूड ऑफ होता है तो खुद को पैम्पर करने या फिर फील गुड के लिए भी महिलाएं शॉपिंग करना पसंद करती हैं। खासतौर से, टेक्नोलॉजी की दुनिया में फोन की स्क्रीन को स्क्रॉल करते हुए शॉपिंग करना और भी ज्यादा आसान हो गया है।

हालांकि, इस तरह अक्सर हम उन चीजों को भी खरीद लेते हैं, जिनकी हमें वास्तव में कोई जरूरत नहीं होती। बस हमें वह आइटम देखने में अच्छी लगती है और हम यह सोचते हैं कि इसका इस्तेमाल हम किसी ना किसी रूप में अवश्य कर लेंगे। लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है और काफी सारे पैसे यूं ही बर्बाद हो जाते हैं।

यकीनन आप भी अक्सर इंप्लसिव शॉपिंग करती होंगी या फिर मार्केट जाकर खुद को खरीदारी करने से रोक नहीं पाती होंगी। अगर शॉपिंग करना आपको खुशी देता है या फिर आप केवल खुद को फील गुड करवाने के लिए शॉपिंग करती हैं तो अब वक्त आ गया है कि आप शॉपिंग डिटॉक्स का रास्ता चुनें। इससे आपको कई फायदे मिलते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि क्या है शॉपिंग डिटॉक्स और आपके लिए किस तरह हो सकता है लाभदायक-

## क्या है शॉपिंग डिटॉक्स

जिस तरह जब हमारी बॉडी में टॉक्सिन बढ़ जाते हैं तो हम बॉडी को डिटॉक्स करते हैं। ठीक उसी तरह, अगर शॉपिंग के कारण आपकी लाइफ टॉक्सिक होने लगी है तो शॉपिग डिटॉक्स करना बेहद जरूरी है। शॉपिंग डिटॉक्स के दौरान आप एक तय समय के लिए खुद पर ही लगाम लगाते हैं और खुद को बेवजह की शॉपिंग करने से रोकते हैं। यह आपके लिए फाइनेंशियली व मेंटली तौर पर कई मायनों में लाभदायक है।

## पैसों की बचत

जब आप शॉपिंग डिटॉक्स का रास्ता चुनते है तो इसका सबसे पहला और सीधा लाभ यह होता है कि इसकी वजह से आपकी काफी सारी पैसों की बचत होती है। अगर आपको हर दूसरे-तीसरे दिन शॉपिंग करने की आदत है तो यकीनन आप अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अनावश्यक चीजों को खरीदने में खर्च कर देती होंगी। लेकिन शॉपिंग डिटॉक्स के दौरान आप अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा बेहद आसानी से बचा पाती हैं।

## बेवजह तनाव से मुक्ति

कुछ महिलाओं को ऐसा लगता है कि शॉपिंग से उन्हें खुशी मिलती है। लेकिन वास्तव में, जब आप शॉपिंग करके बेवजह पैसे खर्च करते हैं तो महीने के अंत में आपको तनाव होता है, क्योंकि जरूरी खर्चों के लिए भी आपके पास पैसे नहीं बचते हैं। वहीं, अत्यधिक शॉपिंग से आपका बजट पूरा बिगड़ जाता है। लेकिन जब आप शॉपिंग डिटॉक्स करते हैं तो आपके काफी सारे पैसों की बचत होती है, जिससे बेवजह तनाव से मुक्ति मिलती है और अंततः आप अधिक हैप्पी महसूस करते हैं।

## खुशियों के रास्ते

कुछ महिलाओं की आदत होती है कि वह खुद को लो फील करने पर शॉपिंग करती हैं। शॉपिंग करने से उन्हें फील गुड होता है और वह अधिक हैप्पी महसूस करती हैं। हो सकता है कि थोड़े पैसे खर्च करके खुशी प्राप्त करने में आपको शायद कोई बुराई नजर ना आती हो। लेकिन हैप्पीनेस के लिए शॉपिंग पर निर्भर रहना सही नहीं है। जब आप शॉपिंग डिटॉक्स करते हैं तो कुछ वक्त के लिए आपको एंग्जाइटी महसूस होती है। लेकिन लगातार ऐसा करने से आपकी निर्भरता शॉपिंग से कम होती है और आप खुद को खुश रखने के लिए कुछ अतिरिक्त रास्ते खोज लेती हैं।

## सेल्फ कंट्रोल

कहते हैं कि किसी भी चीज की अति क्षति का कारण बनती है। ऐसा ही कुछ आपकी शॉपिंग की आदत के साथ भी होता है। अगर आपको शॉपिंग करना इतना अच्छा है कि आप चाहकर भी खुद को रोक नहीं पाती हैं, तो ऐसे में आपको शॉपिंग डिटॉक्स का रास्ता अपनाना चाहिए। इसका लाभ यह होता है कि इससे आपको सेल्फ कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इस तरह, आप बाहरी चीजों के हाथ में नहीं होते हैं, बल्कि अपनी सुविधानुसार उन्हें हैंडल करना सीख जाते हैं।





# प्रकृति और महिलाएं एक-दूजे की पर्याय

**लगातार बढ़ता तापमान, सूखते जलस्रोत और प्रदूषित होता वायुमंडल यह सब संकेत हैं कि आने वाला समय और भी कठिन संकट ला सकता है।**

लगातार बढ़ता तापमान, सूखते जलस्रोत और प्रदूषित होता वायुमंडल यह सब संकेत हैं कि आने वाला समय और भी कठिन संकट ला सकता है। तो क्यों ना संभलते हुए इन सब समस्याओं से निकलने के प्रयास किए जाएं क्योंकि छोटे-छोटे प्रयास ही सार्थक होकर किसी बड़े कार्य को पूर्ण करेंगे। शायद पर्यावरण बचाव के यज्ञ में हर एक का योगदान एक-एक आहुति से कम न हो।

## एक वृक्ष पहल

हमारे देश में प्रकृति व पृथ्वी को मां का ही दर्जा दिया है। सिर्फ इसलिए कि वे अपने पुत्रों व परिवार के संरक्षण के लिए समर्पित हैं इसलिए क्यों न हम अपने परिवार में एक ऐसी संस्कृति को पनपाएं जो प्रकृति के संवर्धन में भी जुटे और अपने पारिवारिक उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ सके। इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में परिवारजनों का जन्मदिन हो सकता है परिवार के प्रत्येक व्यक्ति के जन्मदिन के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण कर पृथ्वी के उस कर्ज की मुक्ति का रास्ता भी खोला जा सकता है। जिसमें हमने जो कुछ प्रकृति से लिया है या लेंगे उसकी वापसी का रास्ता भी बन सके। इससे प्रकृति प्रेम भी पनपेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए संस्कार भी तैयार होंगे। इसी तरह परिवार के अन्य कार्यों जैसे शादी, ब्याह, मुंडन इन सभी को पर्यावरण के किसी कार्य से जोड़ लेना चाहिए। ऐसा ही करके शायद हम अपनी प्रकृति को बचा पाएंगे और आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं का हिस्सा बना पाएंगे।

## बिन पानी सब सून

बूंद-बूंद पानी की तरस को इस वर्ष तकरीबन 11 राज्यों के 33 करोड़ लोगों ने देखा है। सबसे बुरे हालात महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं कर्नाटक के गांवों में रहे, जहां गांव के गांव पलायन करने को मजबूर हो गए। यहां तक की गले तर करने तक के लिए रेल के जरिए पानी को भेजा गया। यदि इसी तरह के हालात रहे तो यह सभी के लिए दुखदायी होंगे। इसलिए हम सभी को यह सोचना होगा कि जब पानी के बिना सब सूना है तो क्यों न बूंद-बूंद से ही घट भरा जाए। जब तक हम सचेत नहीं होंगे तब तक और किसी को नहीं सिखाया जा सकता है। तो क्यों न इस पानी बचाव की शुरुआत घर से ही प्रारंभ की जाए। घर के हर सदस्य को पानी की बचत के साथ पानी को सुरक्षित रखने के उपाय अपनाने होंगे तभी तो हम इसका संरक्षण कर पाएंगे।

## महिलाओं का योगदान

इतिहास को खंगाले तो ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा, पर्यावरण की रक्षा में हमेशा से महिलाओं को ही अग्रणीय पाया गया है। विश्व प्रसिद्ध चिपको आंदोलन की प्रणेता गौरा देवी गांव की सरल महिला थीं, जिसकी वन वृक्ष की लड़ाई विश्व प्रसिद्ध हुई।

आखिर पूरे हिमालय में वनों के प्रति यह संवेदनशीलता उस महिला को ही क्यों भायी? वनों के पतन की पीड़ा ने उन्हें ही क्यों झकझोरा था? बात गौरा देवी की ही नहीं बल्कि राजस्थान के विश्नोई समुदाय की भी है, जहां महिलाओं ने पेड़ों पर चिपककर उनके काटने का विरोध किया था। आखिर नोबेल पुरस्कार विजेता अफ्रीका की मथाई को ही करोड़ों वृक्षों को लगाने की सुध क्यों आई। ऐसे ही अपने देश व विदेशों की बहुत-सी कहानियां हैं, जिनमें महिलाएं वृक्षों के प्रति गंभीर संवेदनशीलता दर्ज कर चुकी हैं। इतिहास गवाह है कि वन लगाने की बात हो या फिर इसको बचाने की मुहिम हो उस पर महिलाएं ही अग्रणी रही हैं। इसलिए पर्यावरण की सुरक्षा में सबसे पहले महिलाओं को ही याद किया जाता है ताकि उनके और प्रयास से हम आने वाले समय में भी कुछ बेहतर प्रयास कर सकें। असल में इसका कारण वृक्ष और महिलाओं की समान प्रवृत्तियां है। दोनों ही समाज के लिए समर्पित हैं। दोनों के ही समान व्यवहार हैं। महिला और वृक्ष समाज के सृजन व बेहतरी के लिए बिना किसी शर्त के सदियों से सेवा में जुटे हैं। निस्वार्थता दोनों का मूल चरित्र है। इसलिए यह कहना कदापि अतिश्योक्ति नहीं होगी कि दोनों के बिना प्रकृति पृथ्वी और समाज अर्थविहिन व पंगु कहलाएगा। सच यह है कि मूल भाव से दोनों ही एक-दूसरे को समझते ही नहीं है बल्कि पूरक भी हैं और अगर ऐसा नहीं होता तो क्यों महिलाएं वनों व वृक्षों से ज्यादा बेहतर तालमेल रखतीं। यह स्वतः ऐसी प्रक्रिया है जिससे प्रकृति व प्रवृत्ति की समान झलक दिखाई देती है।

# आपके पूरे घर को रीप्रेज़ेंट करता है लिविंग रूम

**घर का लिविंग रूम वह कमरा होता है जो आपके पूरे घर को रीप्रेज़ेंट करता है। इसे सजाने के लिए आप अपनी पसंद की चीजें लगाते हैं, उसे अलग-अलग कलर स्कीम और पैटर्न्स से सजाते हैं।**

जब आपके किसी के घर मेहमान बन कर जाते हैं तो उनका लिविंग रूम देखकर ही आप पूरे घर का अंदाजा लगा लेते हैं। वैसे ही जब कोई आपके घर आता है तो भी यही बात मायने रखती है। कहने का तात्पर्य यह है कि घर का लिविंग रूम वह कमरा होता है जो आपके पूरे घर को रीप्रेज़ेंट करता है। इसे सजाने के लिए आप अपनी पसंद की चीजें लगाते हैं, उसे अलग-अलग कलर स्कीम और पैटर्न्स से सजाते हैं। आपकी सजावट पर हमें कोई शक नहीं है बस हम आपके ज्ञान में थोड़ी वृद्धि कर रहे हैं कि कैसे आप अपने लिविंग रूम को और बेहतर बना सकतीं हैं।

- कंट्रॉस- लिविंग रूम में दीवारों पर कंट्रॉस कलर ट्राई करें या दो रंगों से दीवारों को रंगें। यह रूम को थोड़ा हटके लुक देगा। रंगों में लाइट-डार्क, ब्लैक-व्हाइट, रेड-व्हाइट का कॉम्बिनेशन ले सकते हैं। इन्हीं में से किसी कलर कॉम्बिनेशन को चुन कर आप पूरे कमरे के लुक को डिसाइड कर सकतीं हैं।
- फूलदान - लिविंग रूम की सेंटर टेबल पर फूलों का गुलदस्ता रखें। इसके लिए नकली फूलों के साथ विशेष अवसर पर प्राकृतिक फूलों का इस्तेमाल करें। यह लिविंग रूम को सजाने का सबसे आसान और सीमित बजट में निपटने वाला तरीका है।
- फोटो फ्रेम्स- अपने लिविंग रूम को क्लासी और इमोशनल टच देने के लिए दीवार पर अपनी फैमेली की फोटो लगा सकते हैं। चाहे तो पूर्वजों की तस्वीरों को भी लिविंग रूम में जगह दे सकते हैं। इससे निश्चित रूप से आपके लिविंग रूम में शांति और सौम्यता का वातावरण आ जाएगा।
- पर्दे- लिविंग रूम में पर्दे लगाएं लेकिन ध्यान रखें कि वे कमरे में आनेवाले प्राकृतिक उजाले को ना रोकें। आजकल पारदर्शी पर्दे चलन में हैं आप उन्हें इस्तेमाल कर सकतीं हैं या फिर अगर कुछ अलग करना चाहतीं हैं तो क्रोशिए से बने पर्दे लगाएं। ये मनचाहे रंग में मिल जाएंगे और कमरे में अंधेरा भी नहीं करेंगे और आपका कमरा शानदार दिखेगा।
- सेटअप- अपने फर्नीचर और एसेसरीज का सेटअप बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से करें। कमर खचाखच भरा हुआ ना लगे इसका खास ध्यान रखें। अच्छी लाइटिंग स्कीम चुनें। इस बात का ध्यान रखें कि कमरा व्यवस्थित लगे। साफ-सुथरा हो।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के प्राइवेट अस्पताल में देर रात लगी आग से मचा हड़कंप, मरीज और स्टाफ सुरक्षित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित एक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में रविवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया। आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में मक्कर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में रविवार देर रात आग लग गई। दमकल की चार गाड़ियां ने तुंरत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और स्टाफ को सकुशल बाहर निकाल लिया। फायर ऑफिसर दीपक हुड्डा ने कहा, हमें एक अस्पताल में आग लगने की कॉल मिली थी। आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी और उसे बुझा दिया गया है। दमकल की 4-5 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली के ही पीतमपुरा इलाके में रविवार सुबह एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। मौर्या एंक्लेव थाने से एटीओ रवि कुमार और हेड कांस्टेबल विक्रम अन्य पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। हेड कांस्टेबल विक्रम ने दमकल कर्मियों के साथ पड़ोस की छत पर पहुंचे और इमारत में फंसीं 70 वर्षीय रीता मोंगा, 76 वर्षीय कांता मोंगा और 80 वर्षीय सत्या ग्रोवर को सुरक्षित बाहर निकाला। आग लगने के कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### दिल्ली में हर जगह लगने जा रहा है एफआरएस, घर से निकलते ही पकड़े जाएंगे बदमाश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस एफआरएस (फेस रिकॉग्नाइजेशन सिस्टम) से लैस कैमरों का जाल बिछाने जा रही है। इसके लिए प्रत्येक थानाध्यक्ष से पूछा गया है कि उनके क्षेत्र में किन स्थानों पर कैमरे में एफआरएस डाला जा सकता है। इनकी सूची पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है। जल्द ही इन कैमरों को एफआरएस सॉफ्टवेयर से लैस कर दिया जाएगा। ऐसा होने पर बदमाश घर से निकलते ही पकड़े जाएंगे। दिल्ली के कई प्रमुख बाजारों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में एफआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य सभी बड़े कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिस एफआरएस तकनीक का इस्तेमाल करती है। दिल्ली पुलिस ने इस तकनीक की मदद से न केवल कई अपराधियों को पकड़ा है, बल्कि अपराध को भी कम करने में कामयाब रही है। बीते दिनों सेफ सिटी प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आयुक्त मनोज सी की तरफ से सभी जिला पुलिस उपायुक्त को इस बारे में पत्र भेजा गया। इसमें बताया गया है कि दिल्ली में कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे 15-20 फुट की ऊंचाई पर लगे हैं। ऐसे कैमरों में एफआरएस सॉफ्टवेयर नहीं चलाया जा सकता है। यह सॉफ्टवेयर 8 से 10 फुट की ऊंचाई पर लगे कैमरों में ही बेहतर ढंग से काम करेगा। ऐसे में प्रत्येक थाना क्षेत्र में ऐसे कैमरों को चिह्नित किया जाए जिसमें यह सॉफ्टवेयर डाला जा सके। एफआरएस सॉफ्टवेयर बेहतर क्वॉलिटी के सीसीटीवी कैमरों में डाला जाता है। इसमें उन अपराधियों का डाटा होता है जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। इन कैमरों के सामने जब कोई अपराधी आता है, तो वह तुरंत कंट्रोल रूम को अलर्ट देता है। क्राइम ब्रान्च के स्पेशल कमिश्नर देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में अभी कई स्थानों पर एफआरएस लगे हैं। इसकी मदद से अपराधी पकड़े जा रहे हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में इससे सुरक्षा बेहतर हुई है। सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल ज्यादा सीसीटीवी कैमरों में किया जाएगा।

# 8 साल बाद भी हम वहीं खड़े हैं; दिल्ली के अस्पतालों की हालत पर बोला हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की है। हाईकोर्ट ने कहा कि पिछले एक साल से अस्पतालों की कमी और सिफारिशों को लेकर बैठकें की जा रही हैं, लेकिन सुधार का कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। ऐसे में दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक अपनी निगरानी में राज्य के सरकारी अस्पतालों में सुधार के लिए कदम उठवाएं।




जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मनमीत पी. अरोड़ा की बेंच ने एम्स के डायरेक्टर को कहा है कि वह डॉ. एसके सरीन कमेटी की ओर से दिए गए सुझावों को अमलीजामा पहनाने के लिए चार सप्ताह के भीतर योजना तैयार करें। साथ ही, बेंच के समक्ष इस शुरुआत की तारीख भी बताएं कि किस दिन से सिफारिशों पर काम शुरू हो जाएगा। हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि इस बाबत वर्ष 2017 में बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी, लेकिन 8 साल बाद भी हम वहीं खड़े हैं, जहां से शुरुआत हुई थी। सिर्फ समस्या को समझ लेना आगे बढ़ना नहीं होता। समस्या का समाधान होना जरूरी है। इसलिए सुधार की कोशिश के बजाय मरीजों के हित में काम किया जाए। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक साल पहले राजधानी के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति का पता लगाने के लिए डॉ. एस के सरीन की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। जुलाई 2024 में समिति ने अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने दिल्ली के अस्पतालों की निगरानी एम्स डायरेक्टर को सौंपी थी।

अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। ऐसे में डॉ. सरीन कमेटी ने निजी क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों को घंटों के हिसाब से भुगतान कर ओपीडी-ऑपरेशन के लिए बुलाने का सुझाव दिया था। सरकार ने बताया कि पांच ऐसे अस्पतालों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां पहले इस तरीके को अपनाकर देखा जाएगा। इसके बाद इसे आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

दवाइयों का दो महीने का स्टॉक रखा जाएगा। इसके अलावा वार्षिक जरूरत की 50 फीसदी दवाइयों और अन्य उपकरणों का बजट पहले से ही बनाकर रखा जाएगा। हाईकोर्ट ने एम्स निदेशक को कहा है कि वह दिल्ली सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुनिश्चित करें कि तमाम सिफारिशों को लागू करने की तारीख तय की जाए। बेंच ने कहा कि इस बार सिर्फ सुनवाई नहीं होगी, बल्कि सरकारी अस्पतालों में बदलाव की तस्वीर भी आनी चाहिए।

प्रत्येक अस्पताल में सस्ती दवाओं के लिए जन औषधि केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा गया है, ताकि लोगों को सस्ती दवाएं मिल सके। अस्पताल में खराब उपकरण को ठीक करने में देरी का कारण बन रहे व्यक्ति पर आर्थिक दंड लगाया जा रहा है डॉक्टरों के अतिरिक्त नर्सिंग और अन्य पैरा मेडिकल कर्मचारी की कमी को संविदा के आधार पर नियुक्त कर दूर किया जा रहा है एमबीबीएस करने वालों को तीन साल तक सरकारी अस्पताल में सेवा देने की अनिवार्यता पर प्रक्रिया जारी है, इससे उन्हें मेडिकल रेजिडेंट ऑफिसर बनने में भी सहायता मिलेगी खून की जांच अस्पतालों के अलावा मोहल्ला क्लीनिक में भी हो रही है, मरीजों को दवाई भी दी जा रही है।

## दिल्ली के रानी झांसी फ्लाईओवर के जमीन अधिग्रहण में सरकारी धन की बंदरबांट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुरानी दिल्ली में बने रानी झांसी फ्लाईओवर के लिए जमीन अधिग्रहण में भारी अनियमितता बरती गई। इसमें सरकारी खजाने की बंदरबांट हुई। यह खुलासा लोकपाल की आरंभिक जांच रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण का मुआवजा उन लोगों को दे दिया गया, जिनकी वहां भूमि ही नहीं थी।

लोकपाल जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपने फैसले में कहा कि 21 अगस्त, 2024 की आरंभिक जांच रिपोर्ट और 15 अक्टूबर, 2024 की पूरक आरंभिक जांच रिपोर्ट से पता चलता है, फ्लाईओवर के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अवैध तरीके से की गई। इसमें सरकारी धन की हेराफेरी की गई और निजी लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। सरकारी अफसरों और निजी व्यक्तियों की सांठगांठ की पुष्टि हुई है। हालांकि, लोकपाल ने आरोपी अफसरों पर कार्रवाई का आदेश देने से मना कर दिया। दरअसल, कानून के हिसाब से अपराध होने की तारीख से 7 साल बाद दाखिल शिकायत पर लोकपाल कार्रवाई का आदेश नहीं दे सकता।राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया नेशनल कोल्ड एंड स्टोरेज रेफ्रिजरेशन लि. ने मुआवजा लिया, मगर भूमि उसके कब्जे में नहीं थी जमीन के वास्तविक मालिक भूमि एवं विकास विभाग को मुआवजा नहीं मिला मेथोडिस्ट चर्च की जमीन के बदले किसी दूसरे व्यक्ति को 15.2 करोड़ मुआवजा दे दिया गया रानी झांसी फ्लाईओवर बनाने की प्रक्रिया 2006 में शुरू हुई और भूमि अधिग्रहण के बदले 2010-11 में मुआवजे का भुगतान किया गया। घोटाले का आरोप लगाते हुए लोकपाल में 2020 में शिकायत दाखिल की गई। लोकपाल ने 2020 में फ्लाईओवर घोटाले की शिकायत पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) और अन्य प्राधिकारों के जरिये आरंभिक जांच कराई है। लोकपाल ने कहा है कि इस मामले में सक्षम प्राधिकार (दूसरी एजेंसियां) दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। लोकपाल ने सक्षम प्राधिकार को घोटाले के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने को कहा है।

## दिल्ली में 7 साल की बच्ची की गला काटकर हत्या, घर के अंदर मिली लहूलुहान लाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक 7 वर्षीय बच्ची की गला काटकर निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्यारे और हत्या की वजह अब तक पता नहीं चल पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्ध का पता लगाने को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाहरी उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके के एक घर में सात वर्षीय बच्ची की गला कटी लाश मिली है। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार शाम को तब प्रकाश में आई जब गश्त कर रही पुलिस टीम ने घर के बाहर भीड़ जमा देखी।

गश्त कर रही पुलिस टीम के एक हेड कॉन्स्टेबल पूछताछ में पाया कि बच्ची घर के अंदर खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। उसने तुरंत स्थानीय पुलिस थाने और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद घटनास्थल पर और टीमें भेजी गईं और जांच शुरू की गई।

घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में लड़की का पिता प्रेम सिंह (32) और उसका परिचित रंजीत घटना के समय इलाके से निकलते हुए दिखाई दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रेम सिंह मूल रूप से बिहार के पटना का रहने वाला है और दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करता है। उसकी पत्नी मुस्कान (32) दिल्ली के लिबासपुर में एक फैक्ट्री में काम करती है। अधिकारी ने बताया कि दंपती की एक और बेटी है, जिसकी उम्र 9 साल है।

# दिल्ली में बढ़ेगी गर्मी की मार, इस हफ्ते पारा 7 डिग्री सेल्सियस चढ़ने के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में इस सप्ताह तापमान और बढ़ने की संभावना है। इस हफ्ते रविवार की अपेक्षा तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल के पहले सप्ताह के अंत तक राजधानी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है। एक से 4 अप्रैल तक हवा की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा से कम रहने की संभावना है।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने राजधानी में सोमवार को तेज हवाएं चलने तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान 33 और 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.2 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से 1.8 डिग्री कम है।

न्यूज एजेंसी वार्ता के अनुसार, दिल्ली सरकार की सक्रिय नीति और ठोस प्रयासों से राजधानी की हवा लगातार बेहतर हो रही है। दिल्ली में रविवार को



वायु गुणवत्ता सूचकांक 138 दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले शनिवार को 153 था और पिछले साल इसी दिन 189 दर्ज किया गया था। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी प्रेस रिलीज में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए 'विकसित दिल्ली संकल्प' के तहत तेजी से काम किया जा रहा है।

बयान के अनुसार, प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार नई तकनीकों को अपनाने पर काम कर रही है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु प्रदूषण के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के प्रजेंटेशन और उनकी तकनीक को देखा जो वायु प्रदूषण नियंत्रण में विशेष तकनीकों पर काम कर रही हैं। इनमें ड्रोन मिस्ट स्प्रिंकलर, आउटडोर एयर प्यूरीफायर और वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शामिल हैं।

# यूरोप के स्पेस प्रोग्राम को लगा तगड़ा झटका, सिर्फ 40 सेकंड में ही धरती पर गिरा रॉकेट

**बर्लिन, एजेंसी।**
यूरोप की अंतरिक्ष परियोजना को बड़ा झटका लगा है। जर्मनी की बवेरियन इसार एयरोस्पेस कंपनी का अंतरिक्ष रॉकेट उड़ान भरने के 40 सेकंड बाद ही धमाके के साथ धरती पर आ गिरा। दुर्घटना के कारण अंतरिक्ष रॉकेट में भीषण आग लग गई। इस बारे में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



यूरोप में उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए रॉकेट को नॉर्वे के आर्कटिक एंडोया अंतरिक्ष बंदरगाह से प्रक्षेपित किया गया। इस रॉकेट का वजन एक मीट्रिक टन था, जिसे छोटे और मध्यम आकार में डिजाइन किया गया था। रॉकेट उड़ान भरने के मात्र 40 सेकंड के भीतर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया और जमीन पर गिरते ही विस्फोट के साथ उसमें आग लग गई।


मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूरोप से एक अंतरिक्ष रॉकेट को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने का प्रयास किया गया। स्वीडन और ब्रिटेन सहित कई देशों ने इस मिशन में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी। रॉकेट के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी इसार एयरोस्पेस कंपनी को महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त हुआ है, जो भविष्य के मिशनों में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

कंपनी ने पहले ही यह आशा व्यक्त की थी कि रॉकेट दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। इसार एयरोस्पेस के सह-संस्थापक और सीईओ डैनियल मेट्ज़लर ने रॉकेट लॉन्च से पहले कहा था कि हमारे लिए हर उड़ान बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अनुभव और डेटा मिलता है। यहां तक ??कि 30 सेकंड की उड़ान भी बहुत बड़ी सफलता होगी। हालांकि, कंपनी को उम्मीद थी कि यह रॉकेट अंतरिक्ष तक नहीं पहुंच पाएगा।

## मस्क ने दो मतदाताओं को दिए एक मिलियन डॉलर के चेक

**विस्कॉन्सिन, एजेंसी।**
अमेरिका के विस्कॉन्सिन में होने वाले सुप्रीम कोर्ट चुनाव में टेक दिग्गज एलन मस्क खूब दखल दे रहे हैं। अपने खेमे न्यायाधीशों को जिताने के लिए मस्क पर आरोप लगे हैं। डेमोक्रेट नेता ने आरोप लगाया कि मस्क ने चुनाव से पहले दो मतदाताओं को एक मिलियन डॉलर के चेक सौंपे। साथ ही उनको अपने राजनीतिक समूह के प्रवक्ता घोषित किया। इसे लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। हालांकि अरबपति ने इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एजेंडे और सभ्यता के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। मस्क ने न्यायिक दौड़ को देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। मस्क ने कहा कि सदन में बहुमत अब बहुत कम रह गया है। एक अदालत ने राज्य के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा मस्क को दो मतदाताओं को चेक सौंपने से रोकने के आखिरी मिनट के प्रयास को सुनने से इनकार कर दिया। दो निचली अदालतों ने डेमोक्रेट जोश कौल की कानूनी चुनौती को पहले ही खारिज कर दिया था। कार्रवाई के रूप में लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने अपने फैसले के लिए कोई तर्क नहीं दिया। मस्क के वकीलों ने भी अदालती दस्तावेजों में तर्क दिया कि भुगतान का उद्देश्य कार्यकर्ता न्यायाधीशों के विरोध में जमीनी स्तर पर आंदोलन उत्पन्न करना है, न कि किसी उम्मीदवार के पक्ष में या उसके खिलाफ स्पष्ट रूप से वकालत करना।

## नमाज के दौरान भूकंप का कहर



**म्यांमार, एजेंसी।** रमजान में जुमे की नमाज के दौरान म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण 700 से अधिक नमाजियों की मौत हो गई। म्यांमा के एक मुस्लिम संगठन ने यह दावा किया है। 'स्प्रिंग रेवोल्यूशन म्यांमा मुस्लिम नेटवर्क की संचालन समिति के सदस्य तुन की ने सोमवार को बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण लगभग 60 मस्जिदें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गईं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि मस्जिदों में मारे गए लोगों की यह संख्या भूकंप में अब तक मारे गए 1,700 से अधिक लोगों की आधिकारिक संख्या में शामिल है या नहीं। 'द इरावदी ऑनलाइन समाचार साइट पर 'पोस्ट किए गए वीडियो में भूकंप के दौरान कई मस्जिदें गिरती हुई दिखाई दे रही हैं और लोग इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। तुन की ने कहा कि क्षतिग्रस्त हुई अधिकतर मस्जिदों की इमारतें पुरानी थीं।

# भूकंप से गिरी 33 मंजिला इमारत में घुसे चार चीनी हिरासत में

### संदिग्ध दस्तावेज चुराने की कोशिश में थे

**बैंकॉक, एजेंसी।**
बैंकॉक में शुक्रवार को आए भूकंप में गिरी 33 मंजिला इमारत में अवैध रूप से घुसने पर पुलिस ने चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि चारों युवक इमारत से संदिग्ध दस्तावेजों को चुराने की कोशिश कर रहे थे। चारों के पास से 32 संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस ने चारों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है।

बैंकॉक में भूकंप के झटकों से एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत देखते ही देखते धराशायी हो गई थी। 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय (एसएओ) की थी। इस इमारत को बना रही चीन समर्थित फर्म के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। बैंकॉक के गर्वनर ने इमारत वाले क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है। साथ ही यहां पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है।



मेट्रोपॉलिटन पुलिस ब्यूरो के डिप्टी कमिश्नर, पुलिस मेजर जनरल नोपासिन पूलस्वात ने कहा कि भूकंप से गिरी इमारत के पिछले हिस्से से अवैध रूप 32 फाइलों को हटाने के आरोप में चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग साइट से दस्तावेज हटा रहे हैं। इसके बाद घटनास्थल पर एक संदिग्ध चीनी व्यक्ति मिला। उसने पूछताछ में बताया कि वह निर्माण परियोजना का परियोजना प्रबंधक है। हालांकि उसके पास वैध वर्क परमिट भी मिला।

इसके बाद पकड़े अन्य तीनों चीनी युवकों से कागजात जब्त किए गए। तीनों ने पुलिस को बताया कि वे इटालियन-थाई डेवलपमेंट पीएलसी (आईटीडी) के तहत एक ठेकेदार के लिए काम करते थे। वे बीमा दावे के लिए आवश्यक दस्तावेज लेने के लिए वहां गए थे। पूछताछ पूरी करने के बाद पुलिस ने संदिग्धों को अस्थायी रूप से रिहा कर दिया। इसके बाद चीनी नागरिकों के खिलाफ निर्माण स्थल में प्रवेश करके और इमारत से ब्लूप्रिंट और अन्य दस्तावेज निकालने के आरोप में शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि चारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**चीन से है इमारत का कनेक्शन:** 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय (एसएओ) की थी। दो अरब से अधिक बहत (45 मिलियन पाउंड) की लागत से तीन साल से यहां कार्यालय का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि एसएओ भवन की इमारत के निर्माण को लेकर इटालियन-थाई डेवलपमेंट पीएलसी (आईटीडी) और चाइना रेलवे नंबर 10 (थाईलैंड) लिमिटेड में अनुबंध हुआ था। चाइना रेलवे नंबर 10 (थाईलैंड) चीन के बड़े इंजीनियरिंग ग्रुप की सहायक कंपनी है, इसके पास 49 फीसदी हिस्सेदारी है।

## कर्ज चुकाने के लिए आईपीओ से पैसे जुटाएगी गुजरात की कंपनी वीएमएस टीएटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीएमटी स्टील बार बनाने वाली गुजरात की कंपनी वीएमएस टीएटी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास अपने ड्राफ्ट पेपर्स फिर से जमा किए हैं। इस आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को कम करने के लिए करेगी। अस्र्क्ष बार्स मजबूत स्टील होते हैं, जिनका इस्तेमाल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में ज्यादा होता है। कंपनी के पास कामधेनु लिमिटेड के साथ एक रिटेल लाइसेंस एग्रीमेंट भी है, जिसके तहत वह गुजरात में कामधेनु ब्रांड के नाम पर अस्र्क्ष बार्स बेच सकती है।




**1.5 करोड़ नए शेयरों का इश्यू होगा–** नीकंट्रोल की खबर के मुताबिक कंपनी ने 27 मार्च 2025 को ड्राफ्ट पेपर्स सेबी के पास जमा किए। इस ड्राफ्ट पेपर्स के मुताबिक, कंपनी का यह आईपीओ पूरी तरह से 1.5 करोड़ नए शेयरों का इश्यू होगा। इससे पहले, 27 सितंबर 2024 को कंपनी ने इसी साइज का आईपीओ प्लान किया था, लेकिन बाद में 23 अक्टूबर को उसने अपना आवेदन वापस ले लिया था।

**115 करोड़ रुपये अपने कर्ज चुकाने पर खर्च करेगी–** कंपनी अपने आईपीओ से मिले पैसे का क्या करने वाली है? इस सवाल का जवाब यह है कि गुजरात की यह कंपनी आईपीओ से मिलने वाले पैसे में से 115 करोड़ रुपये अपने कर्ज चुकाने पर खर्च करेगी, बाकी पैसे जनरल कॉर्पोरेट कामों के लिए इस्तेमाल होंगे। दिसंबर 2024 तक कंपनी पर कुल 160.2 करोड़ रुपये का कर्ज था।

**प्रमोटर्स की 96.28 प्रतिशत हिस्सेदारी–** वीएमएस टीएटी में प्रमोटर्स की 96.28 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि बाकी 3.72 प्रतिशत शेयर पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास हैं, जिनमें चाणक्य ऑपरच्युनिटीज फंड और कामधेनु शामिल हैं।

## मार्च में सोना 4250 रुपये हुआ महंगा, चांदी की कीमतों में 7454 रुपये की उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शादियों के सीजन से पहले मार्च में सोने–चांदी ने खूब उड़ान भरी। फरवरी में दोनों धातुओं के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के बाद मार्च में भी दोनों ने खूब गदर काटा। इस महीने सोना 4250 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ तो चांदी की कीमतों में 7454 रुपये प्रति किलो का उछाल आया। शुक्रवार 28 मार्च को सोना नए शिखर 89306 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच



गया और चांदी 100934 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई को टच की। आज ईद की छुट्टी की वजह से आईबीजेए गोल्ड–सिल्वर के रेट जारी नहीं करेगा और एमसीएक्स भी बंद है। इस साल अब तक सोना 13566 रुपये और चांदी 14917 रुपये उछल चुकी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक सोने का ग्लोबल प्राइस 3,100 डॉलर तक पहुंच सकता है। जबकि, भारत में 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचने की उम्मीद है। एमके ग्लोबल की रिया सिंह के मुताबिक, सोना अभी 2,975 से 3,035 के बीच ऊपर–नीचे हो सकता है, लेकिन अगर ट्रेड वॉर की आग भड़की तो 3,150 डॉलर तक छलांग लगा सकता है। भारत में रुपया कमजोर होगा तो घरेलू कीमतें और उछलेंगी।

# चीन की तारीफ में छुपी है चेतावनी... अलग लेवल पर खेल रहा है ड्रैगन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के विश्लेषक सिद्धार्थ ओझा ने चीन की कूटनीति पर कई दिलचस्प बातें बताई हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आपकी तारीफ करता है तो यह आपकी सफलता से ज्यादा उसकी रणनीति के बारे में बताता है। हाल ही में चीनी सरकार के समर्थन वाले ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत-चीन संबंधों पर की गई टिप्पणी को व्यावहारिक नजरिया बताया था। ओझा ने इस तारीफ के पीछे छिपे चीन के इरादों को उजागर किया है। उन्होंने लिं?कि?डइन पर बताया कि चीन की तारीफ में अक्सर एक चेतावनी छिपी होती है। ओझा के अनुसार, चीन की तारीफ के पीछे तीन मुख्य कारण हो सकते हैं। पहला, चीन मानता है कि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) अब सीएनपी (समग्र राष्ट्रीय शक्ति) के युग में पुरानी हो चुकी है। दूसरा, चीन रणनीतिक चालों के जरिये तारीफ का इस्तेमाल हथियार के रूप में कर सकता है। तीसरा, चीन को अपनी श्रेष्ठता पर पूरा भरोसा है, जो कि अहंकार से भरा हुआ है और जल्द ही टूट सकता है।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

प्रधानमंत्री मोदी ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में भारत और चीन के बीच स्वस्थ और स्वाभाविक प्रतिस्पर्धा की बात की थी। उन्होंने 2020 के सीमा विवाद को स्वीकार करते हुए कहा था, राष्ट्रपति शी के साथ मेरी मुलाकात के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति देखी है। हम 2020 से पहले की स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

### एक्सपर्ट ने भारत को दी सतर्क रहने की सलाह



ओझा ने लिखा, वैश्विक शक्ति के खेल में चीन की कूटनीतिक प्रशंसा अक्सर छिपाने से ज्यादा प्रकट करती है। उनका मानना है कि चीन का ध्यान अब डॉलर-आधारित जीडीपी की तुलना से हटकर नियंत्रण और शक्ति के गहरे स्तरों पर चला गया है। ओझा ने कहा, डॉलर में जीडीपी यह भोले लोगों के लिए एक भ्रम है। उन्होंने बताया कि चीन अब एक अलग ही स्तर पर खेल रहा है।

### चीन का औद्योगिक पैमाना बहुत बड़ा

विश्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए ओझा ने बताया कि 2020 में चीन की जीडीपी क य शक्ति समानता के मामले में 27.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई। यह अमेरिका के 21.4 ट्रिलियन डॉलर से काफी आगे है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि चीन तकनीकी संप्रभुता पर जोर दे रहा है. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के अनुसार, 2020 में चीन ने 15 लाख से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए, जो एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), क्वांटम कंप्यूटिंग और 5त्र जैसे इनोवेशन क्षेत्रों में अपना दबदबा बनाने की स्पष्ट मंशा दिखाता है।

## सरकार ने अधिग्रहित किए वोडाफोन के 36,950 करोड़ रुपये के नए शेयर, हिस्सेदारी बढ़कर होगी 48.99 प्रतिशत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने रविवार को नियामक फाइलिंग को बताया कि सरकार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 48.99 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है। यह कदम बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी देनदारियों के एवज उठाया गया है। इसके तहत सरकार वोडाफोन के 36,950 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर अधिग्रहण करेगी। वर्तमान में कर्ज से जूझ रही वोडाफोन आइडिया में सरकार की 22.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस नए अधिग्रहण के बाद वह कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बनी गई है। वोडाफोन आइडिया अब अगले 30 दिनों में 3,6950 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इनकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर होगी। दूरसंचार मंत्रालय ने सितंबर 2021 में घोषित




दूरसंचार क्षेत्र के सुधार और समर्थन पैकेज के तहत बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी देनदारियों (जिसमें स्थगित भुगतान भी शामिल हैं) को इक्विटी में बदलने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया में कुल 36,950 करोड़ रुपये को इक्विटी शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा। दूरसंचार मंत्रालय ने 29 मार्च को इस संबंध में आदेश जारी किया था। जिसके तहत ये शेयर सरकार को स्थानातंरित किए जाएंगे। वोडाफोन आइडिया ने बताया कि उसे 10 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर कुल 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश संबंधित प्राधिकरणों, जिसमें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) भी शामिल है। कंपनी ने कहा, इस इक्विटी शेयर के जारी होने के बाद सरकार की हिस्सेदारी 22.60 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। हालांकि, प्रमोटर्स कंपनी का परिचालन नियंत्रण बनाए रखेंगे।

## आरबीआई अप्रैल में फिर कर सकता है रेट कट

# ब्याज दरें घटकर 6 प्रतिशत होंगी: बैंक ऑफ अमेरिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ अमेरिका ग्लोबल रिसर्च के मुताबिक, आरबीआई अप्रैल में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में एक बार फिर रेपो रेट में कटौती कर सकता है। बैंक ऑफ अमेरिका का अनुमान है कि आरबीआई रेपो रेट में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती कर इसे 6 प्रतिशत तक ला सकता है। इसकी वजह है मुद्रास्फीति (इन्फ्लेशन) का अगले कुछ महीनों तक 4 प्रतिशत से नीचे बने रहने का अनुमान और रुपये पर दबाव में कमी।

**क्यों और कितनी होगी रेट कट–** बोफा का कहना है कि इन्फ्लेशन कंट्रोल में है और ग्रोथ धीमी है, जिससे आरबीआई के पास रेट कम करने की गुंजाइश बन रही है। हालांकि, 2 अप्रैल से लागू होने वाले आयात शुल्क (टैरिफ) से थोड़ी अनिश्चितता हो सकती है, लेकिन इसका एमपीसी के फैसले पर बड़ा असर नहीं होगा।

बोफा को उम्मीद है कि 2025 के अंत तक रेपो रेट 5.5 प्रतिशत तक आ सकता है, यानी इस साल कुल 1 प्रतिशत (100 आधार अंक) की कटौती होगी।




**ग्रोथ और इन्फ्लेशन के अनुमान में संशोधन–** आरबीआई ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत का अनुमान लगाया है, लेकिन बोफा इसे थोड़ा ऊंचा मानता है और 6.5 प्रतिशत की संभावना जताता है।

इन्फ्लेशन के मामले में आरबीआई का त्त्4 एफवाय25 का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत है, लेकिन बोफा का मानना है कि यह 3.8-4 प्रतिशत के बीच रह सकता है। तेल की कीमतों में गिरावट, रुपये की स्थिरता और कमजोर मांग की वजह से एफवाय26 में भी इन्फ्लेशन 4 प्रतिशत के आसपास रह सकता है।

**आरबीआई लिक्विडिटी भी बढ़ाएगा–** आरबीआई पहले ही दिसंबर से बैंकिंग सिस्टम में 5 लाख करोड़ रुपये की लिक्विडिटी डाल चुका है। आगे भी कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आरबीआई और कदम उठा सकता है।

**ग्रोथ को सपोर्ट, इन्फ्लेशन पर नजर–** बोफा का मानना है कि आरबीआई ग्रोथ को बढ़ावा देने पर फोकस करेगा, लेकिन इन्फ्लेशन को 2-6 प्रतिशत के टारगेट रेंज में ही रखेगा। गर्मियों में हीटवेव से खाद्य महंगाई बढ़ने का थोड़ा रिस्क है, लेकिन अच्छी फसल उत्पादन से यह दबाव कम हो सकता है।

## ट्रंप का टैरिफ खोलेगा ऑटो पार्ट्स बनाने वाली भारतीय कंपनियों की राह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने विदेशों में बनी गाड़ियों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। मोटर इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ यूएसए के अनुसार, ऑटोमोबाइल पर टैरिफ 3 अप्रैल से लागू होंगे जबकि ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ 3 मई 2025 से पहले लागू होंगे। जानकारों का कहना है कि भारत पर शायद ही इसका कोई बुरा असर होगा। ऑटो इंडस्ट्री में 20 साल का अनुभव रखने वाले सुंदरम श्रीनिवासन का कहना है कि ट्रंप का टैरिफ भारतीय ऑटो पार्ट्स कंपनियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। टाइम्स ऑफ इंडिया में एक लेख में उन्होंने कहा कि ट्रंप के टैरिफ का भारत पर ज्यादा असर होने की आशंका नहीं है। लेकिन यह अमेरिका को पार्ट्स के बड़े निर्यातकों कनाडा, मैक्सिको, चीन और अन्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। भारत का अमेरिका को ऑटो एक्सपोर्ट लगभग 10 मिलियन डॉलर है। यह जापान के अमेरिका को होने वाले ऑटोमोबाइल निर्यात के मुकाबले बहुत कम है। ऑटोमोबाइल पार्ट्स के मामले में भारत एक मजबूत दावेदार है। भारत अमेरिका को 2.2 अरब डॉलर का निर्यात करता है। यह भारत के कुल ऑटोमोबाइल कंपोनेंट निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत है। लेकिन अगर इसे सही संदर्भ में देखें, तो यह अमेरिका के कुल ऑटोमोबाइल पार्ट्स आयात का 3 प्रतिशत से भी कम है। डोनाल्ड ट्रंप का निशाना यह नहीं है। लेकिन यह अमेरिका को पार्ट्स के बड़े निर्यातकों कनाडा, मैक्सिको और चीन जैसे देशों के लिए एक साइड इफेक्ट हो सकता है।



### किन देशों को होगा नुकसान

भारत में ऑटो पार्ट्स कंपनियों को इस बात का डर नहीं है कि वे ट्रंप टैरिफ के कारण उनके उत्पाद प्रतिस्पर्धियों से महंगे हो जाएंगे। उन्हें इस बात का डर है कि आयातक लागत का कम से कम कुछ हिस्सा खुद वहन करने का दबाव डालेंगे। इससे उनका मुनाफा काफी कम हो जाएगा।

## नगदी बढ़ाने के लिए इंडसइंड बैंक ने उठाया है बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडसइंड बैंक ने कई साझेदार बैंकों के साथ बड़ी डील की है। रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने बड़े कॉरपोरेट लोन को ट्रांसफर किया है। इंडसइंड बैंक का प्रयास है कि नगदी को बढ़ाया जाए। चल रही जांच के कारण बैंक की कुल संपत्ति में 2000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक और फेडरल बैंक ने उच्च श्रेणी के लोन को 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत ब्याज के बदले बैंक को नगदी प्रदान की है। यह ट्रांसफर इंटर बैंक पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट के नियमों के तहत किया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति के अनुसार बैंक पिछले 10 दिनों से यह डील करने के लिए प्रसायरत है। बता दें, इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का मानना है कि यह ट्रांसफर किया गया लोन 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का है। हालांकि, इस प्रकरण पर ना ही इंडसइंड बैंक ने कोई जानकारी दी है। ना ही आईसीआईसीआई बैंक और फेडरल बैंक की तरफ से कोई बयान आया है। आईबीपीसी एक ट्रेडिशनल मार्केट है। जिसके जरिए बैंक कुछ समय के लिए लोन लेते और देते हैं। इस तरह की डील 6 महीने के लिए अमूमन की जाती है। लोन के ट्रांसफर होने का मतलब हुआ कि कुछ समय के लिए बैंक के एसेट बुक में वह नहीं दिखेगा। मान लीजिए अगर इंडसइंड बैंक ने 1000 करोड़ रुपये लोन ट्रांसफर किया है। तो उसके बदले उसे 400 करोड़ रुपये नगदी के मिलेंगे। जिससे वो ब्याज का भुगतान कर पाएंगे।

**शेयर बाजार में बैंक की सेहत अच्छी नहीं है–** शुक्रवार को कंपनी के शेयर 3.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 649.55 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## सीएनजी और पाइप्ड गैस की कीमतों में नरमी की उम्मीद, नियामक ने पाइपलाइन शुल्क बदलने का रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** एजेंसी। तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने वाली पाइपलाइनों के लिए शुल्क निर्धारण की नई नीति का प्रस्ताव रखा है। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है तो इससे सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में नरमी दिख सकती है। नियामक ने घरों में सीएनजी और पाइप के जरिए रसोई गैस बेचने वाली शहरी गैस इकाइयों से न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव दिया है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से या आयात बंदरगाहों से ले जाने वाली पाइपलाइनों पर लगाए गए क्षेत्रीय शुल्कों में परिवर्तन के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज जारी किया है। यह बदलाव उन संयंत्रों के लिए किया गया है जो इससे बिजली बनाते हैं। इसके अलावे इसका असर उन उर्वरक इकाइयों पर पड़ेगा जो इससे यूरिया बनाती हैं। इसके अलावे इससे वे शहरी गैस इकाइयां भी इससे प्रभावित होंगे जो इसे ऑटोमोबाइल को बेचने के लिए सीएनजी में बदल देती हैं और खाना पकाने के लिए इसे घरेलू रसोई तक पहुंचाती हैं। नियामक ने कहा, निवेश लाने और देश में विशेष रूप से सीएनजी और घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (खाना पकाने के लिए घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली) में गैस की खपत बढ़ाने के लिए एक और दूरगामी सुधार में, पीएनजीआरबी घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस की कीमत कम करने का प्रस्ताव लेकर आया है। टैरिफ विनियमन के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज (पीसीडी) वेबहोस्ट किया गया है।



# 99 प्रतिशत लुढ़क गया था अनिल अंबानी का शेयर

### अब 2300 प्रतिशत से ज्यादा की आई तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में जोरदार तेजी आई है। 99 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़कने के बाद कंपनी के शेयर पिछले पांच साल में 2300 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर इस अवधि में 10 रुपये से बढ़कर 250 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। पिछले एक महीने में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में करीब 22 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 350.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 143.70 रुपये है।



**1 लाख रुपये के बना दिए 24 लाख रुपये–** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 20 मार्च 2020 को 10.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 मार्च 2025 को 258.55 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले पांच साल में कंपनी के शेयरों में 2362 पर्सेंट की तेजी आई है। अगर किसी व्यक्ति ने 20 मार्च 2020 को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की मौजूदा वैल्यू 24.62 लाख रुपये होती। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का मार्केट कैप भी 10,200 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

**99 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए थे रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर–** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में पिछले सालों में तेज गिरावट आई। अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर 11 जनवरी 2008 को 2486.05 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 99 पर्सेंट से ज्यादा टूटकर 20 मार्च 2020 को 10.50 रुपये पर जा पहुंचे। हालांकि, इस लेवल तक गिरने के बाद कंपनी के शेयरों में अच्छी रिकवरी देखने को मिली है।

### चार साल में 577 प्रतिशत चढ़े हैं रिलायंस इंफ्रा के शेयर

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर पिछले चार साल में 577 पर्सेंट उछल गए हैं। अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयर 1 अप्रैल 2021 को 38.15 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 मार्च 2025 को 258.55 रुपये पर बंद हुए हैं। वहीं, पिछले तीन साल में कंपनी के शेयरों में 110 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। दो साल में कंपनी के शेयर करीब 80 पर्सेंट उछल गए हैं।

# 24वीं बार कंपनी दे रही है डिविडेंड, रिकॉर्ड डेट 2 अप्रैल को, हर शेयर पर 25 रुपये का फायदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल कई कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में एडीसी इंडिया कम्युनिकेशंस लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी की तरफ से एक शेयर पर 25 रुपये का अंतरिम डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाना है।

**हर शेयर पर 25 रुपये का फायदा–** एक्सचेंज को दी जानकारी म ेंएडीसी इंडिया कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने कहा है कि हर एक शेयर पर 25 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 2 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। अगर आपको डिविडेंड का लाभ लेना है तो कल यानी 1 अप्रैल को कंपनी के शेयर खरीद लेने होंगे। बीएसई के डाटा के अनुसार कंपनी के शेयर इससे पहले 23 बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड कर चुके हैं। एडीसी इंडिया कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने पहली बार अपने निवेशकों को 30 मार्च 2001 को डिविडेंड दिया था। आखिरी बार 2 अगस्त को कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब योग्य निवेशकों को हर शेयर पर 5 रुपये का डिविडेंड और 25 रुपये का स्पेशल डिविडेंड दिया गया था।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा है?

शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ बीएसई में 1386.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक हफ्ते में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 18 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक महीने में इस स्टॉक ने पोजीशनल निवेशकों को 45 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीच में कई महीने ऐसे आए जब निवेशकों को भारी बिकवाली का दौर देखने को मिला है। वहीं, एक साल में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 56 प्रतिशत की तेजी आई है।

# एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में दीपक पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य



**अम्मान (जोर्डन) , एजेंसी।** भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता, जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी, लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे, जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा में किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। उन्होंने पिछले साल रजत पदक जीता था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें दुनिया के नंबर एक पहलवान ताकारा सूडा ने 6-4 से हराया। भारत के मुकुल दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में उन्हें जापान के तत्सुया शिराइ ने 4-2 से हराया। दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे।

# कोनर्स-फेडरर के क्लब में जगह बनाने से चूके जोकोविच, 19 साल के मेन्सिक ने जीता मियामी ओपन का खिताब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेक रिपब्लिक के उभरते सितारे जाकुब मेन्सिक ने सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले पुरुष एकल के फाइनल में मेन्सिक ने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। वहीं, महिला एकल के फाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हरा दिया और अपना 19वां टूर खिताब जीता।19 साल के मेन्सिक और विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेन्सिक ने जोकोविच को हराकर उन्हें 100वें पेशेवर खिताब से दूर कर दिया। 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने इस मैच में अहम मौकों पर कई गलतियां कीं। वहीं, मेन्सिक ने 14 एस के साथ जोकोविच पर ताबड़तोड़ हमले किए। 37 साल के जोकोविच अगर यह फाइनल जीतते तो वह जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोनर्स ने अपने करियर में 109 पेशेवर खिताब और फेडरर ने 103 पेशेवर खिताब जीते थे। यह दोनों ओपन एरा में 100 या इससे ज्यादा करियर टाइटल्स जीतने वाले खिलाड़ी हैं। दोनों फाइनलिस्ट के बीच 18 साल 102 दिन का अंतर था, जो कि 1976 के बाद किसी भी एटीपी-1000 स्तर के फाइनल या किसी भी टूर स्तर के फाइनल में सबसे बड़ा उम्र का अंतर था। इससे पहले यह रिकॉर्ड आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के बीच मॉन्ट्रियल मास्टर्स 2005 के फाइनल मुकाबले के नाम था। तब अगासी 35 साल और नडाल 19 साल के थे और फाइनल में दोनों के बीच उम्र का अंतर 16 साल 35 दिन का था। मैच में बारिश ने खलल डाला। साढ़े पांच घंटे की देरी से मैच शुरू हुआ। दोनों ही सेट टाइ ब्रेकर में गए, लेकिन मेन्सिक जोकोविच के खिलाफ इसमें बेहतर करने में सफल रहे।

# इशमीत सिंह ओपन एंड चिल्ड्रन प्राइज मनी शतरंज फेस्टिवल में ओपन श्रेणी में बने चैंपियन



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** इशमीत सिंह 5.5 अंकों के साथ चंडीगढ़ शतरंज अकादमी ओपन एंड चिल्ड्रन प्राइज मनी शतरंज फेस्टिवल 2025 में ओपन श्रेणी में चैंपियन बने, जबकि अमोघ अग्रवाल ने 5.5 अंकों के साथ अंडर-14 श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। माधव गर्ग ने 5.5 अंकों के साथ अंडर-10 श्रेणी में जीत हासिल की।

महिला और बालिका वर्ग में ओपन वर्ग में काम्या कुमारी को सर्वश्रेष्ठ महिला का खिताब दिया गया। अंडर-14 वर्ग में कृति अग्निहोत्री को सर्वश्रेष्ठ लड़की, अंडर-10 वर्ग में त्रिमन कौर गिल को सर्वश्रेष्ठ लड़की और अंडर-07 वर्ग में इनायत कौर को सर्वश्रेष्ठ लड़की का खिताब दिया गया। अंडर-07 वर्ग में दिव्यांश गर्ग को सर्वश्रेष्ठ लड़के का खिताब दिया गया।

इस टूर्नामेंट का आयोजन चंडीगढ़ शतरंज अकादमी द्वारा किया गया था और इसमें उत्तरी भारत के विभिन्न राज्यों से 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें से 41 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के पूर्व डीजीपी डॉ. चंद्र शेखर, आईपीएस और विशिष्ट अतिथि के रूप में चंडीगढ़ बैपटिस्ट स्कूल, सेक्टर-45डी के प्रबंध निदेशक अरुण मसीह उपस्थित थे। शेखर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और एक प्रेरक भाषण दिया।

# रियान पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया



**गुवाहाटी ।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राजस्थान ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 182 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया और पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके कारण कप्तान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आधिकारिक बयान में कहा गया है, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च, 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, बीसीसीआई ने फैसला किया है कि कप्तानों को अब टीम के धीमे ओवर-रेट के लिए मैच प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके बजाय, कप्तानों के लिए एक डिमेरिट अंक होगा। 20 मार्च को बीसीसीआई मुख्यालय में कप्तानों की बैठक के दौरान सभी टीमों को इसकी जानकारी दी गई।

इससे पहले, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी इसी वजह से जुर्माना लगाया गया था। इतना ही नहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मैच में धीमी ओवर गति के कारण लगे प्रतिबंध की वजह से हार्दिक चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुंबई इंडियंस का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

रविवार को, आरआर ने गुवाहाटी के एसीए स्टेडियम में सीएसके को छह रनों से हराकर आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच जीता। नितीश राणा ने 36 गेंदों पर 81 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि वानिंदु हसरंगा ने 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

# रियान से छिनेगी कप्तानी ! सैमसन करेंगे वापसी



**जयपुर , एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की वापसी को लेकर फैंस के बीच खासा उत्साह होगा. टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी होने के बावजूद, इस सीजन की शुरुआत में उन्हें अपनी विकेटकीपिंग और कप्तानी की जिम्मेदारी छोड़नी पड़ी थी. इसका कारण उनकी हाल ही में हुई उंगली की सर्जरी थी, जिसके चलते उन्हें केवल बतौर बल्लेबाज खेलने की आंशिक अनुमति मिली है. हालांकि, अब जब उनकी चोट पूरी तरह ठीक हो चुकी है, तो उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में जाकर अपनी फिटनेस का आकलन करवाने और विकेटकीपिंग की अनुमति लेने का फैसला किया है. अगर उन्हें मंजूरी मिल जाती है, तो वे न केवल विकेट के पीछे लौटेंगे, बल्कि राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी भी दोबारा संभालेंगे.



# टीम जर्सी में मलाइका अरोड़ा ने राजस्थान रॉयल्स को किया चीयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच खेला गया। रियान पराग की कप्तानी में राजस्थान ने चेन्नई को मात दी और सीजन में अपना खाता खोला। इस मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई जो कि चर्चा का कारण बन गई। मैच के दौरान टीवी स्क्रीन पर बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइक अरोड़ा नजर आईं। सिर्फ इतना ही नहीं उनके साथ राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और पूर्व श्रीलंकाई कप्ताम कुमार संगाकारा बैठे नजर आए। इस तस्वीर के वायरल होते ही लोगों ने दोनों के बीच कनेक्शन जोड़ना शुरू कर दिया। मलाइका अरोड़ा राजस्थान रॉयल्स की जर्सी में नजर आई। संगाकारा भी जर्सी में ही बैठे थे। लोगों ने यह अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि दोनों डेट कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा इस समय सिंगल हैं और उन्होंने अपनी डेटिंग लाइफ पर हाल फिलहाल में कोई अपडेट नहीं दिया है। ऐसे में लोगों ने यही दावा किया कि दोनों डेट कर रहे हैं।

हालांकि इसकी संभावना काफी कम है। इसका बड़ा कारण है कुमार संगाकारा। श्रीलंका का यह दिग्गज खिलाड़ी शादीशुदा है। उन्होंने येहुली से शादी की है जिससे उनके बच्चे भी है। वह एक बेटी और एक बेटे के पिता हैं। दोनों के तलाक या अलग होने की कोई जानकारी मौजूद नहीं है। संगाकारा के बच्चे और पत्नी अब भी कई मौकों पर साथ नजर आए हैं। ऐसे में मलाइका के साथ उनके रिश्ते की संभावना कम है।

### यह हो सकता है कनेक्शन

मलाइका अरोड़ा और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक ऐसा कनेक्शन है जो कि एक्ट्रेस के वहां मौजूद होने का कारण हो सकता है। राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन हैं। केरल के रहने वाले संजू दक्षिण भारत में काफी लोकप्रिय हैं और उनकी काफी फैन फोलोविंग भी हैं। मलाइका अरोड़ा भी केरल से ताल्लुक रखती हैं। वह कई बार खुद को 'मल्लू' बता चुकी हैं। ऐसे में यह एक वजह हो सकती हैं कि मलाइका राजस्थान की जर्सी में संजू सैमसन की टीम को चीयर करने पहुंची।

# मेरी गलती थी, भगवान नहीं हूं... 17 साल बाद भी पछता रहे हरभजन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2008 क्रिकेट के इतिहास में एक ऐतिहासिक टूर्नामेंट था, जिसने इस खेल को नए आयाम दिए. राजस्थान रॉयल्स की चौंकाने वाली जीत, ब्रेंडन मैकुलम की विस्फोटक पारी और युवा भारतीय खिलाड़ियों के उभरने जैसी कई यादगार घटनाएं उस सीजन में देखने को मिलीं. लेकिन इस शानदार सीजन में एक ऐसी घटना भी हुई, जिसने क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया था. यह घटना थी 'स्लैपगेट विवाद', जिसमें मुंबई इंडियंस के कप्तान हरभजन सिंह ने किंग्स इलेवन पंजाब के तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को थप्पड़ मार दिया था.

यह घटना 2008 में हुई, जब मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बीच एक मुकाबला खेला गया. पंजाब ने उस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और मुंबई को हरा दिया. मैच खत्म होने के बाद जब खिलाड़ी एक-दूसरे से मिल रहे थे, तब अचानक हरभजन सिंह ने श्रीसंत को थप्पड़ जड़ दिया. श्रीसंत की आंखों में आंसू आ गए और वह मैदान पर रोते हुए नजर आए.

यह नजारा कैमरों में कैद हो गया और वीडियो जल्द ही वायरल हो गया. जिसमें साथी खिलाड़ी के साथ तत्कालीन कप्तान कप्तान संगाकारा उन्हें चुप कराते नजर आए. इस विवाद के कारण हरभजन सिंह को कड़ी सजा मिली. आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन पर पूरे सीजन के लिए बैन लगा दिया. वहीं, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भी उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी.

### 17 साल बाद हरभजन ने मांगी माफी

अब इस घटना को 17 साल बीत चुके हैं, लेकिन यह विवाद आज भी चर्चा में रहता है. हाल ही में, सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो फिर से वायरल हुआ. एक फैन ने हरभजन को टैग करते हुए इस पर उनकी राय मांगी. इस पर हरभजन ने जवाब देते हुए लिखा, यह सही नहीं था भाई. यह मेरी गलती थी. मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था. लेकिन गलती हुई, इंसान हूं, भगवान नहीं. इसके साथ हरभजन सिंह ने हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी लगाई.

# नीतीश राणा के आक्रामक अंदाज के मुरीद हुए केन विलियमसन

**बेलिग्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नीतीश राणा की तारीफ में खूब कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने राणा की 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर 6 रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स की फील्डिंगो भी दिया।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नीतीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की।

वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।

सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके विलियमसन ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, 'नीतीश स्पिन के खिलाफ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत तेज गेंदबाजी के खिलाफ की, गति का अच्छा इस्तेमाल किया।'



उन्होंने कहा, 'शायद बाएं हाथ, दाएं हाथ के संयोजन के कारण वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह शीर्ष स्तर की एक बेहतरीन पारी थी।

विलियमसन ने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के पास कई अन्य प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं, लेकिन आज नीतीश मैच विजेता थे। इस तरह के मैच में जहां ऐसी विकेट पर गलती की गुंजाइश काफी कम थी वहां मेरा मानना ??है कि राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण ने उन्हें जीत दिलाई।'

सुपरकिंग्स को जब 12 गेंद पर 39 रन चाहिए थे तब महेंद्र सिंह धोनी (16) ने शॉर्ट थर्ड मैन पर एक चौका और तुषार देशपांडे की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर लंबा छक्का लगाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

धोनी की जबरदस्त फैन फॉलोविंग पर बात करते हुए विलियमसन ने कहा, 'सुपरकिंग्स विरोधी के मैदान पर खेल रहे थे, फिर भी अधिकतर दर्शक पीले रंग की पोशाक में थे, यह अविश्वसनीय था। हमने इसे पहले भी कई बार देखा है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगा कि धोनी एक ओवर में 20 रन बनाकर मैच को खत्म कर देगा- उसने ऐसा कई बार किया है। लेकिन यह एक मुश्किल काम था क्योंकि आखिरी दो ओवर में 40 रन चाहिए थे। फिर भी उसे आउट होते देखना खास था। मैं केवल कल्पना कर सकता हूं कि जब वह क्रीज पर हो तो किसी भी विपक्षी टीम के लिए स्कोर का बचाव करना कितना डरावना होगा।'

पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू का भी मानना है कि क्षेत्ररक्षण ने मैच में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया।

सुपरिंग्स के पूर्व खिलाड़ी रायुडू ने कहा, 'जब आप कोई करीबी मैच खेल रहे होते हैं, तो ये एक प्रतिशत चीजें काफी मायने रखती हैं। हमने इस मैच में कई अविश्वसनीय कैच देखे- ऐसा देखना दुर्लभ है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अंदरूनी घेरे में एक-दो मौकों को छोड़कर बिल्कुल भी अच्छा क्षेत्ररक्षण नहीं किया।'

# ब्रेकअप की खबरों के बीच प्रियंका ने साझा की पार्टी फोटो



## टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता के ब्रेकअप की खबर


टीवी सीरियल की एक मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चाहर और अंकित गुप्ता लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों अकसर साथ में नजर आते थे। कुछ दिन पहले इनके ब्रेकअप की खबर सामने आई। इस बात का इनके फैंस को काफी बुरा लगा है। इन खबरों के बीच ही प्रियंका चाहर ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं, इसमें वह एक कॉन्सर्ट में दिख रही हैं, दोस्तों संग पार्टी कर रही हैं, खूब मस्ती कर रही हैं।

### प्रियंका ने जिबली ट्रेंड में साझा की तस्वीरें

प्रियंका चाहर ने अपने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें जिबली आर्ट ट्रेंड को भी फॉलो किया है। इन दिनों लोग चैट जीपीटी के जरिए अपनी तस्वीरों को जिबली आर्ट स्टाइल में बदल रहे हैं। जिबली अंदाज में बनीं तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। प्रियंका चाहर ने भी कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की पुरानी तस्वीरों को जिबली आर्ट में बदलकर इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इन तस्वीरों में वह अपने दोस्तों संग काफी खुश नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को प्रियंका के फैंस ने भी लाइक किया है। साथ ही कुछ यूजर्स ने लिखा है कि प्रियंका जिबली तस्वीरों में बहुत प्यारी लग रही हैं।

# केबीसी के अगले सीजन की तैयारियां शुरू, बिग बी ने दी जानकारी

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि कौन बनेगा करोड़पति के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और पहला कदम प्रोमो है। अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर लिखा, काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा। उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी साझा कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फ मेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं।




अभिनेता ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स, जिन्हें वह प्यार से अपना विस्तृत परिवार कहते हैं, उन्हें चैत्र सुखलदी, गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद उल फितर की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर की बधाई सभी को खुशी और आनंद प्रदान करने वाली हो। सऊदी के कुछ हिस्सों में चांद देखा गया है और इस त्यौहार के दिन की शुभकामनाएं। इन सभी उत्सवों के संगम में ऐसी शानदार भावनाएं हैं जो पूरी मानवता में फैलती हैं। हम सभी को अप्रतिबंधित एकजुटता की भावना देती हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया। इस सहयोग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पूरे देश में जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। यह सहयोग मंत्रालय के चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसमें बिग बी लोगों से सड़कों पर अधिक जागरूक और जिम्मेदार होने का आग्रह कर रहे हैं। यह अभियान यातायात नियमों के पालन के महत्व तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है।

## दूसरी हीरोइनों से मुकाबले पर बोलीं- मेरा इससे लेना देना नहीं

# रश्मिका मंदाना के जमीन पर नहीं पड़ रहे पांव !

रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा के बाद अब सलमान खान की सिकंदर में काम किया है। उन्होंने इंडस्ट्री में मुकाबले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। सलमान का भी मानना है कि हर दिन खुद पर काम करना चाहिए, तभी शख्स ग्रो कर पाता है। जानिए एक्ट्रेस ने क्या जवाब दिया है। रश्मिका मंदाना इस समय बॉलीवुड में छाई हुई हैं। उनकी सलमान खान के साथ सिकंदर मूवी रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फैंस का क्रेजी रिएक्शन देखने को मिल रहा है। इस बीच रश्मिका ने इंडस्ट्री में अपने कॉम्पिटीशन को लेकर क्या कहा है, आइये जानते हैं। रश्मिका ने आगे कहा, मेरे फैसले मेरे अपने हैं, क्योंकि मेरी जर्नी अलग है। मैं कुर्ग से हूं। मैंने कन्नड़ से शुरुआत की और तमिल और हिंदी में आ गई। मैं अपने विकल्पों और उनसे होने वाले भविष्य की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं।

### सलमान ने बीच में टोका

रश्मिका ने इंडस्ट्री में कॉम्पिटीशन को लेकर कहा, इसलिए मुझे ऐसा लगता है कि जैसे ही आप कॉम्पिटीशन कहते हैं, मेरा उससे लेना-देना नहीं है, क्योंकि...। इससे पहले ही बीच में सलमान खान ने कहा, हर कोई अपना काम कर रहा है। कॉम्पिटीशन से ही आपका विकास होता है। आपको रोजाना खुद पर काम करना चाहिए।





# जयपुर में प्रियंका चोपड़ा को मिला खास दोस्त, कराई मुलाकात

फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिलहाल राजस्थान की राजधानी जयपुर में हैं। यहां उन्होंने अपने नए दोस्त से मुलाकात कराई। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कुछ झलकियां शेयर कीं। पहली तस्वीर एक इमारत के ऊपर से ली गई है, जिसमें रात की रोशनी में शहर जगमग दिखाई दे रहा है। कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, भव्य, जयपुर, राजस्थान। इसके बाद उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, मेरे बिस्तर से दृश्य, बहुत खूबसूरत। इसके बाद उन्होंने बगीचे में घूमते एक मोर का वीडियो साझा किया और प्रियंका ने यह कहकर उसका स्वागत किया, सुप्रभात दोस्त। अभिनेत्री ने गुलाबी शहर की अपनी यात्रा के बारे में ज्यादा नहीं बताया। प्रियंका ने 21 मार्च को पति निक जोनास के ब्रॉडवे म्यूजिकल द लास्ट फाइव इयर्स को देखने के बाद एक विशेष सोशल मीडिया पोस्ट किया। अपनी नाइट आउट की कुछ झलकियां साझा करते हुए, अभिनेत्री ने द लास्ट फाइव इयर्स टीम की सराहना करते हुए पोस्ट डाली। पिछले महीने, प्रियंका ने निक के ब्रॉडवे प्रोडक्शन द लास्ट फाइव इयर्स को देखने के लिए अपनी पहली थिएटर यात्रा की थी। इस दौरान दंपत्ति के साथ उनकी बेटी मालती भी मौजूद थीं। निक ने अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। एक तस्वीर में छोटी मालती निक के पोस्टर की ओर इशारा करती हुई नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीरों में थिएटर के बाहर शो के पोस्टर और होर्डिंग्स नजर आ रहे हैं। निक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, द लास्ट फाइव इयर्स को तीन हफ्ते बाकी हैं। आज थिएटर जाने के लिए परिवार पहली बार साथ था और यह मेरे लिए खास था। प्रियंका के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ महेश बाबू भी हैं। यह एक रोमांच से भरपूर फिल्म है, जिसे विदेशी स्थानों पर फिल्माया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग ओडिशा में हो रही है।



# रकुल प्रीत को पसंद है त्योहार पर सजना-संवरना, बताया क्या है पसंदीदा डिश

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने रविवार को गुड़ी पड़वा के मौके पर बताया कि यह उनके लिए नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है। सिंह ने यह भी बताया कि उनकी पसंदीदा डिश पूरन पोली है, जो खाकर उन्हें बहुत खुशी मिलती है। यह पूछे जाने पर कि गुड़ी पड़वा पर उनकी पसंदीदा डिश कौन सी है, रकुल ने कहा, ÷पूरन पोली, इसमें कोई शक नहीं ! यह मीठी, मुलायम और घर जैसा एहसास देती है। मैं बचपन से ही त्योहारों के दौरान इसका लुत्फ उठाती रही हूं और इसका हर निवाला मुझे उन खुशनुमा पारिवारिक पलों की याद दिलाता है। इसे इतने प्यार से बनाया जाता है कि आप खुद को रोक नहीं पाते ! रकुल ने बताया, ÷मेरे लिए गुड़ी पड़वा नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है। यह साल का वह समय है जब सब कुछ नया लगता है। इस दिन नई एनर्जी, उम्मीदें और उत्सव भी रहता है। मुझे यह पसंद है कि यह परिवारों को एक साथ लाता है, चाहे वह पूजा के लिए हो, अच्छे भोजन के लिए हो या फिर सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए। यह खुशी के साथ बदलाव को अपनाने की याद दिलाता है ! अभिनेत्री को त्योहारों पर सजना-संवरना बहुत पसंद है। उन्होंने बताया, ÷गुड़ी पड़वा, साड़ी पहनने का बेहतरीन बहाना है। मैं आमतौर पर पीली या लाल रंग की साड़ी पहनती हूं, बिंदी, बड़े झुमके और बालों में ताजा गजरा लगाती हूं। त्योहारों के दिनों में भारतीय परिधान पहनने में कुछ खास बात होती है- इससे सब कुछ और ज्यादा उत्सवपूर्ण लगता है।



# एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने बताया, फैशन शो के बाद कलेक्शन का क्या होता है

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने लैक्मे फैशन वीक 2025 के दौरान डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा के लिए शो की शुरुआत की। अपने अनुभव शेयर करते हुए, सेक्रेड गेम्स की एक्ट्रेस ने कहा, लाइट, साउंड, गाने, कपड़े, सब कुछ अद्भुत था - ऊर्जा शानदार थी। शो ओपनर के रूप में यह मेरा पहला रैंप वॉक था, और यह वास्तव में बहुत बड़ी बात है - यह बहुत बड़ा है, मैं अभी जश्न मना रही हूं। कुब्रा ने बताया कि शो के बाद कलेक्शन का क्या होता है। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा, यह बेहतरीन स्टोर में जाता है, बहुत से बेहतरीन लोग इस बेहतरीन कलेक्शन को पहनते हैं - लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम क्या पहन रहे हैं - आप अपने दिमाग और सोच को उन कपड़ों को चुनने में लगाते हैं जिन्हें आप पहनना चाहते हैं और मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि नम्रता जोशीपुरा द्वारा इस कलेक्शन में बनाया गया हर एक परिधान, जो एक एथलीजर कलेक्शन है, बोतलों को रिसाइकिल करके बनाया गया है - इसलिए, यह टिकाऊ है, यह अद्भुत है, यह आपकी त्वचा के लिए अच्छा है, यह आपके दिल के लिए अच्छा है, यह आपकी चेतना के लिए अच्छा है। कुब्रा लोकप्रिय वेब सीरीज द ट्रायल सीजन 2 के बहुप्रतीक्षित सीक्वल का हिस्सा होंगी। वह इस ड्रामा में काजोल के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह शो रॉबर्ट किंग और मिशेल किंग की द गुड वाइफ का रूपांतरण है।

इसके अलावा, कुब्रा की लाइनअप में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के साथ अपने होम बैनर देवगन फिल्म्स के तहत किया है। यह फिल्म 2012 की फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# मनीषा रानी ने हरे रंग के कपड़ों में दिखाई हद कातिलाना अदाएं तो फैंस हुए फिदा

मनीषा रानी ने हरे रंग की ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्होंने इंटरनेट पर कहर ढा दिया है। फैंस मनीषा रानी की अदाओं पर फिदा हो गए हैं और तारीफ कर रहे हैं। किसी ने मनीषा को गॉर्जियस बताया तो किसी ने हरी तीखी मिर्ची। मनीषा रानी तो अब सबके दिलों की रानी बन चुकी हैं, और राज कर रही हैं। हर दिन उनकी पॉपुलैरिटी का ग्राफ तेजी बढ़ रहा है। आलम यह है कि जैसे ही मनीषा अपनी तस्वीरें या डांस वीडियो शेयर करती हैं, तो वह मिनटों में ही वायरल हो जाते हैं। अब ऐसा ही उनकी लेटेस्ट तस्वीरों के साथ देखने को मिला है, जो छाई हुई हैं। फैंस भी भर-भरकर कमेंट कर रहे हैं, और एक्ट्रेस की नजर उतार रहे हैं। मनीषा रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हरे रंग की ड्रेस में पांच तस्वीरें शेयर की हैं। हर तस्वीर में उनका अंदाज और अदाएं एकदम निराली हैं। फैंस को मनीषा एकदम कातिलाना और काफी ग्लैमरस लग रही हैं। वो उनकी खूबसूरती पर मर मिटे हैं।



## फैंस हुए मनीषा रानी पर फिदा, किए ये कमेंट्स

मनीषा रानी की तस्वीरें कमाल की हैं। एक फैन ने लिखा है, हाए, मार ही डाला। एक फैन का कमेंट है, क्या स्टाइल है, क्या पोज है। एकदम कमाल की खूबसूरती। एक और कमेंट है, एकदम तीखी मिर्ची लग रही हो। एक यूजर ने लिखा है, एक तो क्यूट और एक में क्यूट, बाकी सब काले भूत। एक कमेंट लिखा है, ओह माय गॉड ये कितनी गॉर्जियस लग रही हैं। चौथी और पांचवी तस्वीर तो हद कातिलाना है।

मनीषा रानी का स्टारडम और प्रोजेक्ट्स

मनीषा रानी एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं, और वह बिग बॉस ओटीटी 2 से सुर्खियों में आई थीं। इसमें वह सेकेंड रनर-अप रही थीं। इसके बाद उन्होंने झलक दिखला जा 11 जीतकर सबको हैरान कर दिया था। इस शो में मनीषा रानी ने बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री की थी।

साभार एजेंसी